# देशबन्धु

वर्ष – 36 । अंक –155 । भोपाल, शुक्रवार, 6 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए


प्रधानमंत्री ने दिया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जन-जन को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने का मौका — पृष्ठ 2
▸ सीडीएस-सीजेआई के विदेशी धरती पर महत्वपूर्ण बयान ▸ रूस से आयात में भारी कटौती के लिए अमेरिका का भारत पर दबाव — पृष्ठ 4
▸ हम जो पौधे लगा रहे उनकी देखभाल करने के साथ रक्षा भी करें: कलेक्टर — पृष्ठ 6
अतिक्रमण को लेकर प्रशासन और भाजपा नेता आमने-सामने — पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### 1 करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर मुठभेड़ में ढेर

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। इसमें केंद्रीय कमेटी मेंबर सुधाकर उर्फ नर सिंहाचलम मारा गया है। वो तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड था। सुधाकर पर 1 करोड़ रुपए का इनाम भी घोषित है। बताया जा रहा है कि, नेशनल पार्क एरिया में माओवादियों के बड़े कैडर की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबल निकले थे। सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम में डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा के जवान शामिल हैं।

### मध्य प्रदेश में बकरीद को लेकर एडवाइजरी जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** ईद उल अजहा (बकरीद) के पर्व को लेकर मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड की ओर से एडवाइजरी जारी करते हुए कहा गया कि कुर्बानी बंद स्थान पर दें और खुले में नमाज न पढ़ें। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अधीन राज्य में मस्जिद, कब्रिस्तान, दरगाहें, मजार, कर्बला और स्कूल व मदरसे आते हैं। इनकी संख्या 15 हजार है। बोर्ड ने अपने अधीन आने वाले सभी मुतवल्लियों (प्रबंधक) और प्रबंध समितियों को निर्देश जारी किए हैं।

### बांके बिहारी मंदिर कॉरिडर बना तो भाजपा की हार तय : अजय राय

**मथुरा, एजेंसी।** मथुरा स्थित बांके बिहारी मंदिर पहुंचे उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अगर भाजपा ने मंदिर और आस पास के क्षेत्रों में तोड़फोड़ की तो अगले चुनाव में उसकी हार तय है। अजय राय ने कहा, बांके बिहारी मंदिर जो एक ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल है उसे तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जो बहुत दुखद है। भाजपा ने जिन धार्मिक जगहों पर तोड़-फोड़ की है, वहां चुनाव हारी है। वाराणसी में तोड़-फोड़ हुआ था, नरेंद्र मोदी 7 राउंड चुनाव हारने के बाद मुश्किल से चुनाव जीते। उनके जीत का आंकड़ा बहुत कम हो गया।

### एनआईए ने आतंकी साजिश मामले में मारे छापे

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को कथित आतंकी साजिश मामले में कई जगहों पर छापे मारे। छापेमारी में विभिन्न प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े ओवरग्राउंड वर्कर्स को निशाना बनाया गया। एनआईए की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, आरसी-05/2022/ एनआईए, जेएमयू (आतंकवादी साजिश मामले) में विभिन्न आतंकी संगठनों के ओजीडब्ल्यू के खिलाफ छापेमारी की गई।

### महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों पर राजनीतिक दांवपेंच शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों के बीच राज्य भर में राजनीतिक दांवपेंच तेज हो गए हैं। नए बनते गठबंधनों और उभरती रणनीतियों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली शिवसेना और सांसद असदुद्दीन ओवैसी की अगुआई वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के बीच संभावित साझेदारी उभर रही है। एआईएमआईएम की महाराष्ट्र इकाई ने स्थानीय चुनावों के लिए शिवसेना के साथ गठबंधन करने का संकेत दिया है।

### असम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 14 हुई

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के 19 जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों सहित 6,78,877 लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ से संबंधित मौतों का आंकड़ा बढ़कर 14 हो गया है। राज्य में बाढ़ से संबंधित मौत के अलावा पिछले महीने राजधानी गुवाहाटी में भूस्खलन के कारण पांच लोगों की मौत हो गई थी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) द्वारा गुरुवार को जारी बुलेटिन में कहा गया कि 63 राजस्व क्षेत्रों के कुल 1474 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। सरकार ने बाढ़ प्रभावित विभिन्न जिलों में पीड़ितों के लिए 190 राहत शिविर और 215 राहत वितरण केंद्र खोले हैं ताकि बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक खाद्यान्न और अन्य बुनियादी वस्तुएं मिल सकें। एएसडीएमए के एक अधिकारी ने कहा कि पिछले 24 घंटों में बाढ़ के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें से एक नागांव और दूसरा कछार जिले से है। 41,000 लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है। जिला प्रशासन को अलर्ट पर रखा गया है और बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव मदद देने के लिए कहा गया है।

उज्जैन में स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, निवेशकों से बोले-

# मप्र अपार संभावनाओं वाला प्रदेश

- नाइपर उज्जैन मेडिसिटी में नॉलेज पार्टनर की भूमिका निभाएगा
- समिट में आये 1,950 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव





**उज्जैन/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है। मध्यप्रदेश को प्रकृति का पूर्ण स्नेह प्राप्त है। भारत के हृदय स्थल में स्थित मध्यप्रदेश में उत्कृष्ट एयर कनेक्टिविटी, रेल नेटवर्क और हाईवे हैं जो देश के हर कोने से मध्यप्रदेश की पहुँच को सुगम बनाते हैं। इन बुनियादी ढाँचों का सतत् विस्तार जारी है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सतना और दतिया एयरपोर्ट का शुभारंभ कर इन सुविधाओं को और समृद्ध किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक मन्त्रोचार की पवित्र ध्वनि के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर उज्जैन में स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट-2025 के मुख्य सत्र का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट में वेलनेस और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के निवेशकों से13 वन-टू-वन बैठकेंकीं, जिनमें बुनियादी ज़रूरतों, निवेश समर्थक नीतियों और प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई। समिट में 1950 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज गंगा दशहरा और पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट का आयोजन किया गया है। यह अवसर मध्यप्रदेश की वृहद प्राकृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का निरूपण भी है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और जीवनशैली आज पूरे विश्व का ध्यान आकृष्ट कर रही है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति प्रेम और पूजन अभिन्न अंग है। भारतीय जीवनदृष्टि केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसी जीवनशैली को प्रोत्साहित करती है जिसमें व्यक्ति स्वस्थ रहे और रोगों की संभावना ही न हो। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को मेडिकल हब बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उज्जैन में मेडिसिटी की स्थापना की जा रही है और मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु मात्र रु. 1 में 25 एकड़ भूमि प्रदान की जा रही है। निजी क्षेत्र को अस्पताल संचालन में भी हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में यह वर्ष उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव, ग्लोबल इन्वेस्टर समिट और सेक्टर आधारित समिट के आयोजन से हर क्षेत्र, हर सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में 18 नवीन इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी के माध्यम से निवेश प्रक्रिया को सहज और आकर्षक बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस में 30 लाख करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्ताव और 21 लाख 40 हज़ार से अधिक रोजगारों के सृजन के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ■ शेष पृष्ठ 2 पर

### मुख्य सचिव ने निवेशकों को बताई मप्र की खूबियां

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन के लिए अनुकूल वातावरण हैं। प्रदेश में जंगल, जंगली जानवर, पवित्र नदियां हैं, वहीं धार्मिक पर्यटन के लिए महाकाल तथा ओंकारेश्वर दो ज्योतिर्लिंग और अन्य आकर्षक धार्मिक स्थल हैं। प्रदेश में आकर्षक हेरिटेज हैं, कई पुराने अच्छे रजवाड़े हैं, जिन्हे हेरिटेज के रूप में विकसित किया गया हैं। पूरे देश मे यूनेस्को के 62 हेरिटेज धरोहरों में से 18 हेरिटेज मध्यप्रदेश में है। मध्यप्रदेश देश के मध्य होने से यहाँ पहुँचना आसान है। प्रधानमंत्री ने टूरिज़्म बढ़ाने पर जोर दिया हैं। टूरिज़्म बढ़ाने के लिए स्वच्छता सबसे आवश्यक हैं। सबसे स्वच्छ शहर इंदौर मध्यप्रदेश में है। इन्दौर ही नहीं अन्य शहरों में भी स्वच्छता की स्थिति बेहतर है। इन्दौर की स्वच्छता पश्चिमी देशों के समतुल्य हैं। प्रदेश में इन्वेस्टमेंट के लिए 18 नई पॉलिसीज बनाई हैं और कुछ पुरानी पॉलिसीज हैं। इनमें निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रमुख रूप से आर्थिक मदद और अधोसंरचना उपलब्ध कराने का प्रावधान किया जो देश के अन्य राज्यों की तुलना में बराबरी का हैं या बेहतर हैं। इस अवसर पर भण्डारी ग्रुप के चेयरमैन विनोद भण्डारी ने उज्जैन में बन रहे मेडिकल टूरिज्म पर प्रकाश डाला।

रीवा जिले में हुआ हादसा

# ऑटो पर पलटा ट्रक 7 श्रद्धालुओं की मौत



**रीवा/भोपाल, देशबन्धु।** रीवा जिले के सोहागी थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर सीमेंट की शीट से भरा एक ट्रक ऑटो के ऊपर पलट गया, जिससे ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ऑटो में कुल दस लोग सवार थे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे लोगों के मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और गंभीर घायलों को 50-50 हजार की सहायता की घोषणा की है।

### मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया शोक, सहायता की घोषणा

बताया जाता है कि सीमेन्ट की सीट से भरा एक ट्रक प्रयागराज की ओर से आ रहा था, तभी वह सोहागी पहाड़ पर अनियंत्रित होकर ऑटो के ऊपर पलट गया, जिससे ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई। ऑटो सवार सभी श्रद्धालु मऊगंज जिले के निवासी बताए गए हैं, जो प्रयागराज गंगा स्थान के लिए गए थे। वहां से लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। ऑटो में दस लोग सवार थे। दुर्घटना में चार बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय ले जाया गया। वहीं, पुलिस द्वारा शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है। मृतकों की पहचान रामजीत जायसवाल, उसकी पत्नी पिंकी, पुत्री अंशिका के अलावा मानवी, अरविंद, सौरभ और हीरालाल जायसवाल के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

# जम्मू कश्मीर को देंगे कई सौगातें



### वंदे भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

**जम्मू, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जम्मू कश्मीर को कई सौगातें देंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद राज्य में यह उनकी पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की यात्रा के मद्देनजर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए। इस दौरान प्रधानमंत्री 272 किलोमीटर लंबे उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक के पूरा होने पर वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने से पहले भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के प्रतीक चिनाब पुल और भारत के पहले केबल-स्टेड अंजी पुल का उद्घाटन करेंगे, जो घाटी को सीधी ट्रेन कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

समारोह की सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रदेश प्रशासन और केंद्रीय एजेंसियां कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। यही कारण है कि कश्मीर से रेल यात्रा के शुभारंभ की खातिर आपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रदेश के दौरे के दौरान चिड़िया भी पर न मार सके जैसी फूल प्रूफ सुरक्षा के लिए हजारों सैनिक जमीन से आसमान तक ■ शेष पृष्ठ 2 पर

### विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे

मोदी रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों के ऊपर वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार शिविर कटरा में 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, उनका उद्घाटन करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। लगभग 43,780 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीआरएल परियोजना में 36 सुरंगें (119 किलोमीटर तक फैली हुई) और 943 पुल शामिल हैं। यह परियोजना कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच हर मौसम में निर्बाध रेल संपर्क स्थापित करती है जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय गतिशीलता को बदलना और सामाजिक-आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री मोदी श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर और वापस दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। वे निवासियों, पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और अन्य लोगों के लिए एक तेज़, आरामदायक और विश्वसनीय यात्रा विकल्प प्रदान करेंगे।

# देशभर में बढ़ रहा कोराना संक्रमण

- सक्रिय मामलों की संख्या 4866 पहुंची
- पिछले 24 घंटों में 7 मरीजों ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में कोराना संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ रहा है और कुल सक्रिय मामलों की संख्या गुरुवार सुबह बढ़कर 4866 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 पहुंच गयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4866 पहुंच गयी। अभी तक 3955 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 51 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आए हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण के 564 नए सक्रिय मामले सामने आये हैं और 674 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है लेकिन इस अवधि के दौरान सात और मरीजों की जान चली गयी। जिन सात मरीजों की मौत हुई है उनमें राष्ट्रीय राजधानी और कर्नाटक के दो-दो तथा महाराष्ट्र में तीन मरीज शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोविड की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचना चाहिये, मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। स्थानीय प्रशासन को सभी तरह की स्वास्थ्य सेवा की तैयारी करने के निर्देश दिये गये। इसकी तैयारी परखने के लिए कल तैयारी मॉक ड्रिल की योजना बनाई गई है।

बेंगलुरु भगदड़ मामले में कार्रवाई

# आरसीबी समेत 3 के खिलाफ एफआईआर


- भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हुई थी
- आपराधिक लापरवाही का आरोप, हाईकोर्ट ने रिपोर्ट मांगी
- पुलिस ने परेड की नहीं दी थी अनुमति

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को भगदड़ मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इन पर विक्ट्री परेड के दौरान आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है। एफआईआर में कहा गया है कि भगदड़ की घटना अव्यवस्था और जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही की वजह से हुई। हादसे के 24 घंटे बाद पुलिस ने ये एक्शन लिया है। आरसीबी ने 3 जून को आईपीएल का अपना पहला खिताब जीता था, जिसके बाद टीम की विक्ट्री परेड निकालने की बात सामने आई थी। 4 जून को सुबह से ही सड़कों पर भीड़ उमड़ने लगी। भीड़ को देखते हुए पुलिस ने विक्ट्री परेड की परमिशन नहीं दी और इसे कैंसिल कर दिया गया। पुलिस ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए उस जश्न को भी स्थगित करने का अनुरोध किया था। उनका मानना था कि अभी फैंस में बहुत उत्साह है, क्योंकि एक दिन पहले ही टीम ने ट्रॉफी जीती है। पुलिस चाहती थी कि आरसीबी ये प्रोग्राम रविवार को आयोजित करे, लेकिन आरसीबी ने तर्क दिया था कि उनके विदेशी खिलाड़ी अपने देश लौट जाएंगे इसलिए वे 4 जून को ही कार्यक्रम रखना चाहते हैं।

उधर, इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सी एम जोशी बेंच ने राज्य सरकार को हादसे पर स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अब अगली सुनवाई 10 जून को होगी। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से कहा, 'राज्य सरकार को यह बताना चाहिए कि ■ शेष पृष्ठ 2 पर

खड़गे ने विश्व समुदाय से लगाई समर्थन की गुहार, कहा-

# पाकिस्तान पोषित आतंकवाद से पीड़ित है भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि भारत, पाकिस्तान पोषित आतंकवाद से पीड़ित है इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद पर भारत के रुख का समर्थन करते हुए पाकिस्तान को वित्त पोषण की अंतरराष्ट्रीय सूची में शामिल नहीं करना चाहिए क्योंकि वह इस राशि का इस्तेमाल आतंक फैलाने के लिए ही करता है। खड़गे ने एक बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद पर भारत का रुख समझने और उसका समर्थन करने का आग्रह करते हुए कहा है कि भारत को पाकिस्तान से चलाए जा रहे आतंकवाद के जरिए अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना था कि विश्व समुदाय को समझना चाहिए कि भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग करके देखा जाना चाहिए और जिन कारणों से पाकिस्तान को फिर वित्तपोषण की निगरानी की एफएटीएफ ग्रे सूची में शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने पाकिस्तान को आतंक का अपराधी करार देते हुए हुए विश्व समुदाय से अपील करते हुए कहा,कांग्रेस अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह करती है कि वह पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद पर भारत के रुख को समझे और उसका समर्थन करे। पाकिस्तान आतंक का अपराधी है और भारत आतंक का शिकार है। आतंकवाद फैलाने वालों से हमारी तुलना नहीं की जा सकती इसलिए आतंक फैलाने वालों और आतंक से पीड़ित को को एक साथ नहीं रखा जाना चाहिए।

खड़गे ने कहा कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष-आईएमएफ, एशियाई विकास बैंक-एडीबी और विश्व बैंक ने उसे ऋण देना स्वीकृत किया है। इन संस्थाओं को उसे ऋण देना या उसके लिए आर्थिक पैकेज को स्वीकृति देने के निर्णय ■ शेष पृष्ठ 2 पर

टाटा ग्रुप और दसॉल्ट के बीच हुआ समझौता

# भारत में बनेगी राफेल फाइटर जेट की बॉडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन (टीएएसएल) के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण करार किए हैं, जिसमें तहत राफेल लड़ाकू विमान की मेन बॉडी का निर्माण भारत में किया जायेगा। इसे फ्यूजलाज कहा जाता है। इन दोनों कंपनियों ने यहां जारी संयुक्त बयान में कहा कि यह करार देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुविधा भारत के एयरोस्पेस बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतिनिधित्व करती है और उच्च परिशुद्धता विनिर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेगी।

वित्त वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से पहला फ्यूजलाज बनने की उम्मीद है, इस सुविधा से हर महीने दो पूर्ण फ्यूजलाज तैयार होने की उम्मीद है। डसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा, पहली बार राफेल फ्यूजलाज का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल निर्माण में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

### 4 उत्पादन हस्तांतरण करार किए गए

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा, यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत में संपूर्ण राफेल बॉडी का उत्पादन टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते भरोसे और डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की ताकत को रेखांकित करता है। यह भारत द्वारा एक आधुनिक, मजबूत एयरोस्पेस विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में की गई उल्लेखनीय प्रगति को भी दर्शाता है जो वैश्विक प्लेटफार्मों का समर्थन कर सकता है। इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर करना भारत की 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर पहलों के प्रति डसॉल्ट एविएशन की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस साझेदारी का उद्देश्य वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है, साथ ही अधिक आर्थिक आत्मनिर्भरता के अपने लक्ष्य का समर्थन करना है।

### हैदराबाद में किया जाएगा निर्माण

साझेदारी के दायरे में, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पूरी बॉडी का निर्माण किया जाएगा।

विश्व पर्यावरण दिवस : मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को किया संबोधित, बोले

# प्रधानमंत्री ने दिया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जन-जन को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने का मौका





**एक पेड़ सौ पुत्र के बराबर है**

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि परंपरागत रूप से कहा जाता है कि एक बावड़ी 10 कुओं के बराबर है, 10 बाबड़ी एक तालाब के बराबर है, 10 तालाब एक पुत्र के बराबर है और सौ पुत्र एक वृक्ष के समान है। पुत्रों की तुलना वृक्ष के साथ करना, प्रकृति की महत्ता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अगर प्रकृति संरक्षित रहेगी तो हमें अपने आप फलने-फूलने का अवसर मिलता रहेगा। वर्तमान दौर में भारतीय संस्कृति और प्राचीन ज्ञान को पुर्नस्थापित करने का समय है। डॉ. यादव विश्व पर्यावरण दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस वर्ष पर्यावरण दिवस का विषय 'प्लास्टिक प्रदूषण उन्मूलन' है। उन्होंने कहा कि आज रिसाइकिलिंग और री-यूज की चर्चा की जाती है, न्यूनतम संसाधनों से बेहतर जीवनशैली की ओर भी ध्यान दिया जा रहा है। अगली पीढ़ी को बेहतर धरती और वातावरण सौंपने के लिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी को सचेत होना होगा।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के साथ जोड़ा है। राज्य सरकार आज से इस अभियान की शुरुआत कर रही है। उन्होंने कहा कि सबको स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में योगदान देना होगा। वायु की गुणवत्ता मे सुधार, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और जल संरक्षण के लिए व्यक्तिगत जवाबदेही और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना जरूरी है। राज्य सरकार पर्यावरण अनुकूल उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार संस्कृति को संरक्षित करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने नेट जीरो एमीशन का लक्ष्य रखा है। इसी आधार पर 2030 तक प्रदेश की ऊर्जा क्षमता को 500 गीगा वॉट तक बढ़ाने की योजना बनाई गई है। जल गंगा संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अब तक 60 हजार के लक्ष्य की जगह 75 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। 3 महीने के इस अभियान में 95 हजार 5 सौ कुओं को रीचार्ज किया गया है और 1225 अमृत सरोवरों का जीर्णोद्धार हुआ है। डॉ. यादव ने पर्यावरण दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का सिंदूर, रक्त चंदन और आंवले का पौधा रौप कर शुभारंभ किया। डॉ. यादव ने एकीकृत पर्यावरण प्रबंधन पोर्टल का शुभारंभ किया तथा राज्य वेटलैंड प्राधिकरण द्वारा तैयार वेटलैंड एटलस का विमोचन किया। पोर्टल पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। उन्होंने चार पीएचडी छात्रों को पर्यावरण छात्रवृत्ति प्रदान की। उन्होंने पर्यावरण प्रबंधन पर विकसित पाठ्य सामग्री का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष 2023-23 और वर्ष 2023-24 के म.प्र. वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार भी प्रदान किए। इस कार्यक्रम के दौरान प्रदेश शासन के मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, दिलीप अहिरवार, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय एवं जिला अध्यक्ष रविंद्र यति मौजूद रहे।

**प्रदेश में चलेगा एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान : शर्मा**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हम सबको मिलकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन पर्यावरण के प्रमुख हिस्से हैं। विकास की आज जरूरत है, लेकिन विकास शोषण के आधार पर नहीं किया जा सकता। संसाधनों का दोहन तो हो सकता है, लेकिन शोषण न हो इसका ख्याल हमें हमेशा रखना चाहिए। जल संवर्धन अभियान के तहत देश भर में मध्यप्रदेश ने सबसे बेहतर काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां' के नाम पर अभियान की शुरुआत की और आज उसे पूरे देश ने आत्मसात कर लिया है। उन्होंने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में बूथ, मंडल स्तर पर 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण कर पर्यावरण को बेहतर बनाने का कार्य करेंगे, ताकि हमारी आने वाली वाली पीढ़ियों को भी इसका फायदा मिल सके।

पेड़ लगा कर देखभाल भी करे, राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से की अपील

## राज्यपाल ने रामफल का पौधा रोप कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजभवन के नवग्रह उद्यान में पौधारोपण किया। उन्होंने रामफल का पौधा लगाया। राज्यपाल श्री पटेल ने प्रदेशवासियों से भी पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने जीवन के विशेष अवसरों जैसे जन्म दिवस, वर्षगांठ आदि पर एक पेड़ अवश्य लगाएं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के. सी. गुप्ता ने लीची का पौधा लगाया। अपर सचिव उमाशंकर भार्गव ने सिंदूर का पौधा लगाया।

मंत्री सारंग ने अपेक्स बैंक परिसर में लगाया अशोक वृक्ष

## सहकारिता विभाग सोसायटी और परिसरों में लगाये पौधे



**भोपाल, देशबन्धु।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि सहकारिता विभाग पूरी प्लानिंग के साथ हर सोसायटी और विभागीय परिसरों में पौधरोपण करें। उन्होंने इसके लिये राज्य संघ और बीज संघ को इसकी जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि दीर्घकालीन और छायादार सहित उपयोगी प्रजाति के पौधो का रोपण किया जाये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मास्टर प्लान इस तरह का हो कि संरक्षण और संवर्धन के साथ साल भर में लाखों पौधे लगे। मंत्री श्री सारंग ने गुरूवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत अपेक्स बैंक परिसर में अशोक का पौधा रोपा। अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने भी पौधरोपण किया।

इस अवसर पर प्रबंध संचालक विपणन संघ अलोक कुमार सिंह, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक मनोज पुष्प, उप सचिव मनोज सिन्हा, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक मनोज गुप्ता, प्रबंध संचालक सहकारी संघ ऋतुराज रंजन, प्रबंध संचालक बीज संघ महेन्द्र दीक्षित, संयुक्त आयुक्त अम्बरीष वैद्य, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अरूण माथुर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पर्यावरण बचाने अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता : प्रशांत पाठराबे

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पीआईबी, सीबीसी और एसएआई भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में किया पौधारोपण

**भोपाल, देशबन्धु।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने कहा कि अगर पर्यावरण को बचाना है तो हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने की सलाह देते हुए कहा कि 'इफ यू कॉन्ट रीयूज इट, रिफ्यूज इट'। श्री पठरावे आज विश्व पर्यावरण दिवस पर भोपाल में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) परिसर में केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), पत्र सूचना कार्यालय ( पीआईबी) भोपाल एवं भारतीय खेल प्राधिकरण, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें उन चीजों के उपयोग से बचना चाहिए जिनका हम रीयूज नहीं कर सकते। इस अवसर पर पीआईबी और सीबीसी भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे और एसएआई, भोपाल के उप निदेशक दीपक साबू ने पौधारोपण किया।



इसके साथ ही विश्व योग दिवस 21 जून की पूर्व प्रस्तुति कार्यक्रम में एसएआई अकादमी के खिलाड़ियों ने हरित योग में वृक्षासन और ताड़ासन कर प्रस्तुत की।

विश्व योग दिवस 21 जून की पूर्व प्रस्तुति कार्यक्रम में योग गुरु महेश अग्रवाल ने एसएआई, भोपाल के खिलाड़ियों को हरित योग के अंतर्गत वृक्षासन एवं ताड़ासन करवाया। कार्यक्रम में सीबीसी भोपाल के उप निदेशक शारिक नूर, पीआईबी, भोपाल के सहायक निदेशक अजय उपाध्याय, सीबीसी के सहायक निदेशक समीर वर्मा, एसएआई, भोपाल के सहायक निदेशक सरवडे अजय नामेदव एवं अंशिका जैन, पीआईबी, भोपाल के मीडिया एवं संचार अधिकारी प्रेम चन्द्र गुप्ता, सीबीसी प्रशासनिक अधिकारी एस.के. श्रीवास्तव ने भी पौधारोपण किया। इसके साथ कार्यक्रम में पीआईबी, सीबीसी और एसएआई, भोपाल के कर्मचारी और खिलाड़ी भी उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**मप्र अपार संभावनाओं वाला....** उन्होंने कहा कि रोजगारपरक उद्यमों के लिए 5 हज़ार रुपए प्रति व्यक्ति के मान से विशेष प्रोत्साहन सरकार द्वारा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष नाइपर (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च) और एमपीआईडीसी के मध्य एमओयू का हस्तांतरण हुआ। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग राघवेन्द्र कुमार सिंह और नाइपर के संचालक शैलेन्द्र सराफ़ ने एमओयू साझा किया। नाइपर उज्जैन मेडिसिटी में नॉलेज पार्टनर की भूमिका निभाएगा। मध्यप्रदेश की समृद्ध प्राकृतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर तथा उज्जैन की समग्र धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत पर लघु फ़िल्मों का प्रदर्शन किया गया।

परमार्थ निकेतन के धार्मिक गुरु चिदानंद सरस्वती ने कहा कि मध्यप्रदेश बहुत प्यारी धरती है। यहाँ सब कुछ है। उन्होंने कहा कि आज के उज्जैन में अधोसंरचना विकास को देखकर नहीं लगता कि यह पुराना उज्जैन है। उन्होंने उज्जैन के विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। महाकाल लोक की भव्यता अनुपम है। चारों धाम की यात्रा पूर्ण करने के बाद लोग महाकाल लोक आना चाहते हैं। आज भारत के धार्मिक नगर पर्यटन में शीर्ष पर पहुँच रहे हैं। यह समय है जब निवेशक इस अवसर का लाभ उठायें और पर्यटन अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण में सहभागी बनें। गुरु चिदानंद सरस्वती महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर के समीप स्पिरिचुअल और वेलनेस सेंटर स्थापना के लिए आशय पत्र दिया। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिवशेखर शुक्ला ने मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं, अवसरों, नीतियों और सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने आध्यात्मिक, धार्मिक, प्राकृतिक और वेलनेस पर्यटन में अवसरों पर विशेष प्रकाश डाला। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश में पर्यटकों के आगमन की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है।

प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भारत की परंपराओं और संस्कृति को आत्मसात करते हुए आधुनिक विकास की तरफ तेज गति से बढ़ रहा है। आध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत मध्यप्रदेश की प्रमुख पहचान है। इसके साथ ही प्राकृतिक संसाधन, वाइल्डलाइफ भी प्रचुर मात्रा में हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि पैनल सत्र में निवेशकों को स्पिरिचुअल और वेलनेस क्षेत्र की वृहद जानकारी प्रदान कर सहयोग के मॉडल पर मंथन किया गया। साथ ही सिंहस्थ-2028 में विरासत को सहेजते हुए विकास योजना की जानकारी दी गयी।

कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिला प्रभारी गौतम टेटवाल, क्षेत्रीय सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, प्रबंध संचालक एमपीआईडीसी चंद्रमौली शुक्ला, भण्डारी ग्रुप के चेयरमैन विनोद भण्डारी सहित बड़ी संख्या में निवेशक मौजूद थे।

**जम्मू कश्मीर को देंगे....** सुरक्षा प्रदान करने में जुटे हैं। उनकी मदद को सैंकड़ों ड्रोन, लड़ाकू हेलिकाप्टर और मुश्की कुत्ते भी तैनात हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर जम्मू कश्मीर में अधिकतम हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है और वरिष्ठ पुलिस, अर्धसैनिक बल, सेना और खुफिया अधिकारी व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम स्थलों पर और उसके आसपास भारी सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं और कड़ी निगरानी के लिए ड्रोन समेत नवीनतम उपकरण तैनात किए गए हैं। अधिकारियों के बकौल, घुसपैठ और राष्ट्रविरोधी तथा विध्वंसकारी तत्वों की आवाजाही को रोकने के लिए सीमाओं और अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत इलाके में दबदबा बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों के घरों पर छापेमारी तेज कर दी गई है, जिनमें ओवर ग्राउंड वर्कर और सीमा पार से सक्रिय आतंकवादियों के रिश्तेदार शामिल हैं।

**आरसीबी समेत 3 के खिलाफ....** आरसीबी के खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला किसने लिया है। जो खिलाड़ी देश के लिए नहीं खेलते, उन्हें सम्मानित करने की क्या मजबूरी थी।'

दरअसल, 4 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पहली बार आईपीएल खिताब जीतने पर बेंगलुरु में विक्ट्री परेड का आयोजन किया था। पहले राज्य सरकार ने विधानसभा परिसर में सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया। इसके बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम में हुआ। इससे पहले ही स्टेडियम के बाहर जुटी भीड़ में भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई। 33 घायल हैं। सभी मरने वाले 35 साल से कम उम्र के थे, 3 टीनएजर हैं। इस घटना के बाद कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और आरसीबी ने एक संयुक्त बयान जारी कर मृतकों के लिए दुख जाहिर किया। केएससीए ने बुधवार को मृतकों के लिए 5 लाख की सहायता राशि देने का ऐलान किया, जबकि आरसीबी की तरफ मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया गया है। साथ ही, घायलों के लिए भी एक राहत कोष बनाया गया है।

**पाकिस्तान पोषित आतंकवाद से....** से पाकिस्तान का सैन्य व्यय ही बढ़ेगा और इस तरह से मिले कर्ज का इस्तेमाल उसकी सेना भारत में आतंक फैलाने के लिए करती है। इससे भी ज्यादा गंभीर बात 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद निरोधक समिति के उपाध्यक्ष और इस साल के लिए तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में पाकिस्तान का नाम लेना दुर्भाग्यपूर्ण, गलत सूचना और पूरी तरह से अस्वीकार्य बात है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भारत की बात पर ध्यान देते हुए पाकिस्तान को आतंकी वित्तपोषण की निगरानी की एफएटीएफ ग्रे सूची में शामिल करना चाहिए। प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में भारत के कूटनीतिक प्रयासों के कारण पाकिस्तान को 2008 में पहली बार और फिर 2012 में इस सूची में शामिल किया गया था और आखिरी बार 2018 में उसे इस समूची में शामिल किया गया। खड़गे ने कहा कि पाकिस्तान को उसके पापों के लिए जवाबदेह बनाना भारत ही नहीं अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हित के लिए भी आवश्यक है। यह याद दिलाना शायद उचित होगा कि 9/11 के लिए जिम्मेदार सबसे वांछित आतंकवादी-ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में रखा गया था और 9/11 का मुख्य योजनाकार खालिद शेख मोहम्मद (केएसएम) भी पाकिस्तानी था।

विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

# वन और पर्यावरण के सच्चे रक्षक सरदार सिंह

**बमौरी में सैकड़ों बीघा भूमि से हटाया अतिक्रमण, लाखों पौधे लगाने का कीर्तिमान**



**सरदार सिंह**
**वन परिक्षेत्राधिकारी बमौरी**



**गुना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन व्यक्तित्वों का स्मरण करना स्वाभाविक है, जिन्होंने पर्यावरण और वन्य जीवन के संरक्षण में अपना अतुलनीय योगदान दिया है। ऐसी ही एक कर्मठ शख्सियत हैं बमौरी में पदस्थ डिप्टी रेंजर सरदार सिंह, जिनकी प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों से वन और पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

सरदार सिंह ने अपने कार्यकाल में न केवल वन जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अपने पदीय दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया है। उनकी कार्यप्रणाली और दृढ़ संकल्प ने वन क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और वन भूमि को सुरक्षित करने में असाधारण सफलता प्राप्त की है।

### चुनौतियों के बीच उत्कृष्ट परिणाम

सरदार सिंह ने 1 अप्रैल 2022 से 2023 तक मात्र एक वर्ष की अवधि में लगभग 220 हेक्टेयर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने जैसे जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2023-24 में अतिक्रमण पर बेदखली की कार्रवाई करते हुए 555 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया।

### अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई

वन क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने में सरदार सिंह का योगदान प्रशंसनीय रहा है। वर्ष 2023 में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के दौरान उन्होंने 3 ट्रैक्टर जब्त किए, जबकि 2024 में एक जेसीबी और 9 ट्रैक्टर जब्त कर अपनी सख्ती का परिचय दिया। वर्ष 2024-25 में भी उन्होंने 4 ट्रैक्टर जब्त कर एक सख्त वन प्रशासक का दायित्व निभाया है। इसके अलावा, अवैध रूप से वन क्षेत्र में बसे 186 टपरों को हटाकर वन भूमि को सुरक्षित किया गया। कुल मिलाकर, सरदार सिंह ने 800 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर उसे सुरक्षित किया है।

### पुनर्वनीकरण और संरक्षण में अग्रणी

सरदार सिंह ने वन भूमि को अतिक्रमण से बचाने के लिए पुनर्वनीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया है। वर्ष 2022-23 में उन्होंने 324 हेक्टेयर क्षेत्र में 1 लाख 62 हजार पौधों का रोपण कर अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र को सुरक्षित किया, ताकि दोबारा अतिक्रमणकारी इस जमीन पर कब्जा न कर सकें। इस दौरान 26 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र का घेराव भी किया गया। इसी तरह, वर्ष 2023-24 में 270 हेक्टेयर क्षेत्र में एक लाख 35 हजार पौधों का रोपण कराया गया, जिसमें 113 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि का घेराव कर सरदार सिंह द्वारा सुरक्षित किया गया है। वर्ष 2024-25 में 440 हेक्टेयर अतिरिक्त घेराव 166 हेक्टेयर क्षेत्र में किया गया है, जिसमें 3 लाख 20 हजार पौधों को वर्तमान बारिश के पश्चात रोपण कार्य किया जाना है। इस प्रकार, अतिक्रमण रोकथाम और वानिकी कार्यों के माध्यम से सतत निगरानी करते हुए पर्यावरण सुधारने के लिए रोपण कार्य किया जाकर वन क्षेत्र को सुरक्षित करने में सरदार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस पर उनकी यह कर्मठता और समर्पण निश्चित रूप से दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत है।



पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

# 10 ग्राम सोना पहुंचा 1 लाख के पार



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के सराफा बाजार में सोना पहली बार प्रति 10 ग्राम 1 लाख रुपए के पार पहुंच गया है, वहीं चांदी भी 99 हजार 800 रुपये प्रति किलो हो गई है। रूस-यूक्रेन युद्ध, डॉलर की कमजोरी और बढ़ती औद्योगिक मांग इसके पीछे की प्रमुख वजहें हैं। लेकुन कीमतों में उछाल के कारण सराफा बाजार में ग्राहकी घट गई है।

सराफा महासंघ भोपाल के संगठन महामंत्री और प्रवक्ता नवनीत कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस साल की शुरुआत में 24 कैरेट सोना जो प्रति 10 ग्राम 81 हजार 80 रुपए में मिल रहा था, अब उसमें करीब 19 हजार रुपए की बढ़ोतरी हो चुकी है। गुरुवार को सोना 1 लाख 500 रुपए 10 ग्राम तक पहुंच गया। इसी तरह जनवरी से जून के बीच चांदी की कीमत में भी 7 हजार रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आज चांदी भी 99 हजार 800 रुपये प्रति किलो बिक रही है। श्री अग्रवाल ने बताया कि लगातार बढ़ती कीमतों के कारण सराफा बाजार में ग्राहकी पर असर पड़ा है। जहां पहले शादियों के सीजन में 30 से 40 प्रतिशत तक कारोबार होता था, अब वह घटकर 15 से 20 प्रतिशत रह गया है।

उधर, सराफा कारोबार विशेषज्ञ का मानना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में तनाव बढ़ने, अमेरिकी अर्थव्यवस्था के कमजोर आंकड़े, यूरोपीय बैंकों द्वारा ब्याज दरें घटाने और डॉलर में कमजोरी आने जैसे कारणों से सोने के दाम बढ़े हैं। साथ ही, औद्योगिक मांग में बढ़ोतरी से चांदी की कीमतों में भी तेजी देखी गई है। अगर वैश्विक हालात ऐसे ही बने रहे तो आने वाले महीनों में कीमतें और बढ़ सकती हैं। हालांकि, बढ़ती महंगाई के इस दौर में निवेशकों के लिए सोना और चांदी एक बार फिर सुरक्षित विकल्प बनकर उभरे हैं। वैश्विक अनिश्चितता और आर्थिक उतार-चढ़ाव के चलते लोगों का रुझान इनकी ओर तेजी से बढ़ा है। यही वजह है कि अब सिर्फ गहनों के रूप में ही नहीं, बल्कि निवेश के रूप में भी सोना-चांदी की मांग बढ़ रही है। लेकिन आम ग्राहकों के लिए यह बढ़ोतरी चिंता का विषय बन गई है, खासकर शादी-ब्याह वाले परिवारों के लिए।

# महंगे शौक पूरे करने इंजीनियर बने चोर गिरोह के सरगना

## कारों से करते थे रेकी, बाहरी चोरों को होटल में ठहराकर करवाते थे चोरी

**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार थाना पुलिस ने दो इंजीनियर युवकों सहित तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के चार साथी फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। चोर गिरोह के सरगना दोनों इंजीनियर दोस्त हैं। यह दोनों कारों से सूने मकानों की रैकी करते थे। इसके बाद शहर के बाहर रहने वाले गिरोह के सदस्यों को चोरी के लिए बुलाते। यहां होटल में उनके रहने का इंतेजाम करते फिर कार से चोरी करने जाते और वारदात के बाद फरार हो जाते। आरोपियों के कब्जे से चोरी में इस्तेमाल की दो कारें, 22 लाख रुपए के सोने के जेवर, 24 हजार रुपए नगद मिले है। वहीं आरोपी सोना गिरबी रखने वाली एक कंपनी से चोरी के जेवरात गिरबी रख 40 लाख रुपए का कर्ज ले चुके हैं। इस रकम को उन्होंने रियल स्टेट सहित अन्य कारोबार में निवेश किया। आरोपी चोरी रकम को महंगे होटलों में खाने, अय्याशी करने और शराब पीने में भी उड़ाते थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

पुलिस आयुक्त हरीनारायणचारी मिश्रा ने बताया कि गत 14 मई को दानिश कुंज के मकान नंबर 3/53 में चोरी हुई थी। इस मामले की जांच में घटना स्थल के आसपास आने जाने वाले सभी रास्तों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इस दौरान सफेद हुंडई औरा कार जिसका अधूरा नंबर एमपी- 04- टीबी-468 पता चला। इस पर मुखबिरों से कार के संबंध में जानकारी जुटाने को कहा गया। तब पता लगा कि विदिशा निवासी यशवंत रघुवंशी पिता धारु सिंह रघुवंशी एवं रायसेन निवासी भूपेंद्र साहू पिता सुहाग चंद्र साहू नाम के व्यक्ति एक साथ कटारा हिल्स में रहते हैं। इस नंबर की कार उन्हीं के पास है। मुखबिर ने बताया कि अभिलाष विश्वकर्मा नाम का युवक भी इन्हीं के साथ रहता है, जो पूर्व में तेलंगाना में जेल भी काट चुका है। इस सूचना के बाद यशवंत रघुवंशी को विदिशा, भूपेन्द्र साहू को कटारा हिल्स भोपाल और अभिलाष विश्वकर्मा को छिंदवाड़ा जिले से हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर तीनों ने कोलार थानांतर्गत की 3 चोरियां और कटारा हिल्स थानांतर्गत 1 चोरी अन्य राज्यों के अपने साथियों के साथ मिलकर करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि वे चोरी किए जेवर मंडीदीप स्थित मुथूट फायनेंस में जमा कर कर्ज लेते थे और उस पैसे को रियल स्टेट व शेयर बाजार में निवेश कर देते थे। उन्होंने कर्ज की रकम से सोने और चांदी के जेवर की खरीददारी भी की। चोरी की रकम को महंगे होटलों में खाने, अय्याशी करने और शराब पीने में भी उड़ाते थे।



पुलिस आयुक्त ने बताया कि आरोपी यशवंत और अभिलाष विश्वकर्मा कम्प्युटर साइंस से इंजीनियरिंग कर चुके है। दोनों चोर गिरोह के सरगना है। भूपेन्द्र साहू प्राइवेट नोकरी करता है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 22 लाख रुपए कीमती सोने और चांदी के जेवर, चांदी के सिक्के, 24 हजार रुपए कैश, चोरी कीवारदात में इस्तेमाल एक हुंडई कंपनी की औरा कार क्रमांक एमपी04-टीबी-4680, एक स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी04-सीए-8189, बैंक खातों से लगभग 60 लाख का लेन देन का रिकॉर्ड, मुथूट फाइनेंस प्रा.लि. मंडीदीप ब्रांच मे गिरबी रखा लगभग 40 लाख रुपए का सोना मिला है।

# भोपाल-इंदौर मार्ग पर खंभा गिरने से लगा लंबा जाम

## 2 घंटे तक फंसी रहीं सैकड़ों गाड़ियां



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल-इंदौर राजमार्ग पर फंदा टोल प्लाजा के पास एक बिजली खम्भा गिर जाने से मार्ग पर दोनों लंबा जाम लग गया। इस जाम में यात्री बसों, भारी वाहनों और निजी गाड़ियों समेत सैकड़ों वाहन लगभग 2 घण्टे तक फंसे रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, भोपाल इंदौर राजमार्ग पर फंदा टोल प्लाजा के पास गुरुवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे अचानक एक बिजली का खंभा सड़क पर गिर गया, जिससे आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कुछ ही देर में राजमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी लाइनें लग गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले यातायात परिवर्तित करने की कोशिश की, लेकिन खंभा बीच रास्ते में पड़ा होने के कारण वाहनों की आवाजाही नही हो सकी। ऐसे में जाम में फंसे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने बताया कि वे ऑफिस, स्कूल और अस्पताल जैसे जरूरी कामों से जा रहे थे, लेकिन जाम में फंसकर सभी काम बिगड़ गए। पुलिस और प्रशासन की मदद से करीब साढ़े 9 बजे तक खंभे को हटाकर यातायात को धीरे-धीरे चालू किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थिति अब सामान्य हो गई है।

# वक्फ बोर्ड ने निर्देश जारी कर कहा- लोगों को जागरूक करें कि सड़क पर नमाज नहीं पढ़ें

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड ने ईद उल अजहा को लेकन अपने अधीनस्थ वक्फ मुतवल्ली, प्रबंध समितियों के लिए निर्देश जारी किए है। वक्फ बोर्ड मप्र के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने कहा है कि वक्फ मुतवल्ली, प्रबंध समिति को दिए निर्देश में कहा है कि ईद उल अजहा इस्लाम के सबसे महत्वपूर्ण त्यौहारों में से एक है। ईद उल अजहा पर सड़क पर नमाज पढ़ने के लिए लोगों को जागरुक करें, कुर्बानी के लिए जो जगह तय हो, वहीं पर कुर्बानी कराएं। प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी किसी भी सूरत में न हो। कुर्बानी के वीडियो, ऑडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित न किए जाएं। जहां कुर्बानी हो वह जगह चारों तरफ से दीवार, टीनशेड से बंद रखी जाए और आवश्यक दवाओं का छिड़काव किया जाए। प्रदेश के सभी कलेक्टर ईद उल अजहा के त्योहार को सफल बनाने के लिए निर्देश का सख्ती से पालन कराएंगे और इसे आमजन को बताएंगे ताकि निर्देश का पालन हो सके।

# उधर, फोटोग्राफरों का सामान चुराने वाले गिरफ्तार



मंगलवारा पुलिस ने शादी में वीडियो और फोटोग्राफी करने वालों का सामान चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। बताया गया है कि आरोपी शादियों में वीडियोग्राफी की बुकिंग के नाम पर बाहरी जिलों से फोटोग्राफरों को बुलाता थे और बुकिंग के दौरान उन्हें अग्रिम रकम भी देते थे। लेकिन उनके यहां आने पर उनका सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। आरोपियों के पास से ड्रोन और कैमरा सहित 10 लाख का सामान बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी अजय सोनी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभयराम ठाकुर, राजाराम ठाकुर और भगवत ठाकुर के रूप में हुई। यह सभी रायसेन के रहने वाले हैं। इस गिरोह का सरगना अभयराम है। उसी ने साथियों के साथ इस काम की शुरुआत की। पूछताछ में उसने कई खुलासे किए। अभय ने बताया कि वह और उसके साथी पहले शादी में वीडियो और फोटोग्राफी का काम करते थे। इसलिए उन्हें यह सारे उपकरण चलाना आते हैं। लेकिन ज्यादा पैसे कमाने के लालच में उन्होंने चोरी शुरू कर दीं। उनके निशाने पर छोटे शहरों के फोटोग्राफर रहते थे। इसी कड़ी में उन्होंने नरसिंहपुर के अनिकेत कुमार को निशाना बनाया। उसे शादी में वीडियोग्राफी के नाम पर एक जून को भोपाल बुलाया था। उसे बतौर अग्रिम 5 हजार रुपए ऑनलाइन भुगतान भी किया था। उसके भोपाल आते ही एक होटल में ठहराया गया। इसके बाद उनका एक साथी अनिकेत को खाना खिलाने के लिए भोजनालय लेकर पहुंचा। अनिकेत के कमरे की चाबी उसी के पास थी। लिहाजा वह पेशाब करने के बहाने से निकला और अनिकेत के कमरे से उसका सामान लेकर भाग निकला। इधर काफी इंतजार के बाद वह वापस नहीं आया तो अनिकेत होटल पहुंचा और होटल स्टाफ की मदद से दूसरी चाबी से कमरे का ताला खुलवाया तो देखा कि उसका पूरा सामान गायब है। इसके बाद उसने थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरोह से अशोका गार्डन की चोरी का भी खुलासा हुआ है। उस चोरी का करीब 3 लाख रुपए का माल बरामद हुआ है।

# एफटीएस युवा ने किया पौधारोपण




भोपाल, देशबन्धु। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर फ्रेंड्स ट्राइबल सोसाइटी (एफटीएस)युवा इकाई द्वारा द्वारा अध्यक्ष डॉ विजेता भार्गव और संरक्षक अपर्णा बंसल के नेतृत्व में भारती निकेतन विद्यालय, राम मंदिर बरखेड़ा में 51 पौधों का रोपण किया गया, जिसमे कदम ,अंबला, इमली, कटहल एवम अन्य महत्वपूर्ण पौधे थे। इस अभियान में मुख्य अतिथि आरके भार्गव, विशेष अतिथि जीके छिब्बर सहित नितिन बंसल, जतिन खुराना, अलीशा खुराना, अभिषेक कुलश्रेष्ठ, पूजा यादव, विवके मंडल योगेश राज एवं संगठन के अन्य सदस्य भी सम्मिलित हुवे।


**नावघाट नीलामी सूचना**

वन सुरक्षा समिति जोगा के अंतर्गत आने वाली नर्मदा नदी के अधोलिखित नाव घाटो की सार्वजानिक नीलामी के लिये दिनांक 20.06.2025 को समय दोपहर 2.00 बजे से वन सुरक्षा समिति जोगा के कार्यालय (रेस्ट हाउस जोगा) में रखी गई है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी हेतु उक्त दिनांक 20.06.25 को उपस्थित होकर निर्धारित शर्तों के अधीन बोली लगा सकते है। बोली लगाने के पूर्व संबंधित ठेके को निर्धारित अर्नेस्ट मनी राशि ठेके के नाम से समक्ष दर्शित अनुसार जमा करनी होगी।

| क्रमांक | नाव घाट का नाम | अर्नेस्ट मनी (नगद) |
|---|---|---|
| 1 | जोगा (हरदा) से फतेहगढ (देवास) | 15000.00 |

नोट:- कार्यालयीन समय में आकर निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तों कि प्रति लेना अनिवार्य है।

**अध्यक्ष** **सचिव**
**वन सुरक्षा समिति जोगा** **वन सुरक्षा समिति जोगा**

**कार्यालय सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय बैतूल (म.प्र.)**

क्रमांक BETLP28042523228/ दिनांक / 05/JUN/2025
क्रं./1693 दिनांक 05/JUN/2025

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियों आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/मेसर्स Rachana Sayare द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-

(क) परियोजना का नाम:-Renuka Vihar

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम Badora तहसील Betul व जिला Betul की भूमि सर्वे क्रमांक/ खसरा क्रमांक 219/19 कुल रकबा 0.624 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL LAYOUT विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजन-RESIDENTIAL, RESIDENTIAL LAYOUT

(घ) स्वीकृति क्रमांक 794 दिनांक 2012-10-07

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.aspx?RefApp=7|MOo431hWv1693 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.asp& पर किया जा सकता है।

**सहायक संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश जिला बैतूल ( म.प्र. )**


# 12वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल, देशबन्धु।** रत्नागिरी में रहने वाले एक किशोर छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से कोई पत्र नहीं मिलने से खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मामले में पिपलानी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक नितिन विश्वकर्मा पुत्र अर्जुन विश्वकर्मा उम्र 17 वर्ष मूल रूप से देहगांव जिला रायसेन का रहने वाला था। भोपाल में 12वीं कक्षा की प्राइवेट पढ़ाई करने के साथ ही फेब्रिकेशन का काम करता था। रत्नागिरी पेट्रोल पंप के सामने स्थित अपार्टमेंट में छोटे भाई निखिल और बड़ी बहन दुर्गा के साथ किराए के फ्लेट में रहता था। छोटा भाई भोपाल में रहकर दसवीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा है। इसी के साथ वह फर्नीचर का काम करता है। बहन दुर्गा रायसेन के एक कॉलेज से पढ़ाई कर रही है। भाईयों की देख रेख के लिए उनके साथ भोपाल में रहती है। दुर्गा की बुधवार को परीक्षा थी। लिहाजा वह परीक्षा देने गई थी और इसके बाद गांव वाले घर पर ही रुक गई। वहीं भाई काम पर गया था। इसी बीच नितिन ने अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रात को करीब आठ बजे चाचा घर पहुंचे, तब कई बार आवाजें देने पर भी दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने पास में रहने वाले रिश्तेदारों को इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो नितिन का शव फंदे पर लटका मिला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पंहुचाया और गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया। पुलिस को उसके कमरे की तलाशी में कोई पत्र नहीं मिला है। परिजनों ने भी आत्महत्या के लिए कोई ठोस कारण पुलिस को नहीं बताया है। फिलहाल पुलिस मर्ग दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## आखिरी बार फोन पर मां से कहा था- दाल-बाटी और घी भेज दो

बताया गया है कि नितिन की मां गृहिणी हैं, जबकि पिता किसानी करते हैं। बुधवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे नितिन ने मां से फोन पर बात की थी। उसने कहा था कि आपकी और पिताजी की बहुत याद आती है। यहां दिल नहीं लगता, आपके हाथ के बने खाने की बहुत याद आ रही है। तब मां ने उसे बताया कि चाचा आज भोपाल जा रहे हैं। तेरे लिए क्या भेज दूं। नितिन ने मां से दाल-बाटी और घी भेजने के लिए कहा था।

# आरकेडीएफ़ विवि के एनसीसी शिविर में सिकल सेल पर विशेष व्याख्यान



**भोपाल, देशबन्धु।** एनसीसी की 4एमपी गर्ल्स बटालियन ने 4 जून से 19 जून तक आरकेडीएफ़ विश्वविद्यालय, में शिविर का आयोजन किया है। शिविर में 550 छात्राएं और 50 छात्र भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण के दौरान 5 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भारत सरकार और मप्र सरकार ने लोगों को सिकल सेल और थैलेसीमिया के बारे में शिक्षित करने की पहल की और सिकल सेल और थैलेसीमिया मित्र स्वयंसेवक बनाने का फ़ैसला लिया गया। 4 जून 2025 को डॉ.सीबीएस दांगी, प्राध्यापक-विज्ञान संकाय, आरकेडीएफ़ विश्वविद्यालय, ने सिकल सेल और थैलेसीमिया पर अपना विशेष व्याख्यान दिया। 5 जून को आरकेडीएफ़ यूनिवर्सिटी के 11 कैडेट्स जिन्होंने एनसीसी का सी सर्टिफिकेट उत्तीर्ण किया है, को कुलगुरु डॉ. विजय कुमार अग्रवाल, निदेशक प्रबंधन डॉ. बी.एन. सिंह, लेफ्टिनेंट डॉ. सी.बी.एस. दांगी और एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर हवलदार चमन लाल द्वारा सर्टिफिकेट वितरित किये गये। कुलगुरु प्रो. अग्रवाल ने एनसीसी का सी सर्टिफिकेट पास करने वाले छात्रों को बधाई दी।

# कला शिक्षकों का परिष्कृत होना अगली पीढ़ी के लिए अहमः पांडेय

## ग्रीन इम्प्रेशन्स कार्यशाला में बनी कलाकृतियों की प्रदर्शनी शुरु

**भोपाल, देशबन्धु।** जब कला शिक्षक स्वयं संवेदनशील और परिष्कृत होते हैं, तभी वे अगली पीढ़ी को सृजनात्मकता, पर्यावरण-संवेदना और सौंदर्यबोध से जोड़ सकते हैं। यह विचार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडेय ने व्यक्त किए। वे आज मंजरी आर्ट गैलरी, टीटी नगर में आयोजित ग्रीन इम्प्रेशन्स- कला, पर्यावरण और अभिव्यक्ति प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

प्रो. पांडेय ने अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी में कला शिक्षकों की तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला में बने चित्रों, वस्त्र-कोलाज, वेस्ट मटेरियल से बनी कृतियों और गुदड़ी को ध्यान से देखा और कहा कि यह प्रदर्शनी पर्यावरणीय चेतना की सुंदर मिसाल है। विशिष्ट अतिथि कला रसिक और आईजी पुलिस हिमानी खन्ना ने कहा कि यह प्रदर्शनी हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि हम अपने आसपास के पर्यावरण के साथ किस तरह का व्यवहार कर रहे हैं। कला के माध्यम से प्रकृति और पर्यावरण को देखने और समझने का जो दृष्टिकोण यहाँ दिखता है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। यह प्रदर्शनी मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 32 कला शिक्षकों द्वारा तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला में तैयार की गई कृतियों पर आधारित है। यह कार्यशाला नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट, चाइल्ड राइट्स ऑब्ज़र्वेटरी मध्यप्रदेश और आर्ट-डिज़ाइन टीचर्स फोरम द्वारा अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय भोपाल के सहयोग से आयोजित की गई थी। कार्यशाला का संचालन मुंबई की प्रसिद्ध कलाकार और स्टोरीवीवर इंदु हरिकुमार ने किया। प्रदर्शनी में प्लास्टिक वेस्ट से बने कलात्मक बिंब, प्रकृति पर वस्त्र कोलाज, म्यूज़िकल इंस्ट्रूमेंट्स, और ब्लैकआउट पोएट्री जैसी गतिविधियों के रचनात्मक परिणाम शामिल हैं। यह प्रदर्शनी 6 जून को शाम 4 बजे से 8 बजे तक खुली रहेगी।


**भोपाल विकास प्राधिकरण**

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
क्रमांक 1595/ राजस्व/भोविप्रा/25 भोपाल दिनांक 02.06.2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना में स्थित भवन क्रं.-13 (25×55) वर्तमान में श्री केदारी लाल पहारिया आ. स्व. श्री बृन्दावनदास पहारिया के नाम पर अंकित है, जिनका स्वर्गवास दिनांक 24.06.2006 को एवं उनकी पत्नी श्रीमती सावित्री देवी पहारिया का स्वर्गवास दिनांक 29.05.2006/ को जाने के कारण उनके पुत्र श्री राजेश कुमार पहारिया ने उक्त भवन का नामांतरण अपने नाम पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र आदि वाछित अभिलेख प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / बैंक संस्था को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञाप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगी।

**राजस्व अधिकारी**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं प्यारेलाल वर्मा पुत्र स्व. श्री मागीरथ वर्मा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पोते का नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश विजय वर्मा अंकित हो गया है। जब उसका सही नाम प्रशांत कुमार वर्मा (PRASHANT KUMAR VERMA) S/o पाित स्व. संतोष वर्मा है। उसकी अंकसूची एवं समस्त दस्तावेजों में उसका नाम प्रशांत कुमार वर्मा (PRASHANT KUMAR VERMA) अंकित है और अब उसका नाम परिर्तवन लिया है अब उसे प्रशांत कुमार(PRASHANT KUMAR) के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। अत: मेरे पोते को भविष्य में विजय वर्मा के स्थान पर प्रशांत कुमार वर्मा (PRASHANT KUMAR VERMA) के नाम से जाना-पहचाना, लिखा-पढ़ा जाए एवं अभिलेखों में दर्ज किया जाए।

**पुराना नाम**
**विजय वर्मा**

**नया नाम**
**प्रशांत कुमार वर्मा (PRASHANT KUMAR VERMA)**
आत्मज स्व. संतोष वर्मा दादा (संरक्षक) प्यारेलाल वर्मा
पता:म.नं. 110 ग्राम पांगरा खाती, तहसील इछावर
जिला सीहोर म.प्र.

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास जूनी इंदौर क्षेत्र जिला इंदौर म.प्र.**

(कलेक्टोरेट कार्यालय कक्ष कमांक 204 जिला इंदौर मध्य प्रदेश)
क्रमांक /641/रीडर-1/25 जूनी इंदौर दिनांक 05.06.2025

**उद्घोषणा**

आवेदक ऊँ मॉ श्री श्री माता आनन्दमयी पीठ सार्वजनिक न्यास पता-18, रेसीडेंसी एरिया, ए. बी. रोड, इन्दौर द्वारा ट्रस्ट का सम्पत्ति ग्राम सोनखरा तहसील बमोरी जिला गुना स्थित भूमि सर्वे क्रं. 280/2, 198/1 रकबा क्रमश: 0.253, 0.439 हेक्टयर भूमि ट्रस्ट में समाविष्ट किये जाने बाबद धारा 9 (1) के अन्तर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी संपत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट मे दिया गया है, के संबंध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एव समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्तयार के माध्यम से आपत्ति दो प्रति में प्रस्तुत कर सकते है अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते है। निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों / दावों पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

**( नवीन संम्पत्ति की जानकारी )**

| क्र. | ट्रस्ट का नाम | सम्पत्ति |
|---|---|---|
| 1 | ऊँ मॉ श्री श्री माता आनन्दमयी पीठ सार्वजनिक न्यास पता-18,रेसीडेंसी एरिया, ए. बी. रोड, इन्दौर | ग्राम सोनखरा तहसील बमोरी जिला गुना स्थित भूमि सर्वे क्र. 280/2, 198/1 रकबा क्रमश: 0.253, 0.439 हेक्टयर |

आज दिनांक 05.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया।

**विनोद राठौर**
**रजिस्ट्रार**
**पब्लिक ट्रस्ट, जूनी इन्दौर**

देशबन्धु

भोपाल, शुक्रवार 6 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## एक और भगदड़, अब जनता ही सावधान रहे

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का स्वागत कार्यक्रम एक बड़े हादसे का शिकार हो गया। एक तरफ स्टेडियम के भीतर जश्न चल रहा था और दूसरी तरफ स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ उमड़ी थी, जिसे संभालने में पुलिस नाकाम रही और नतीजा भगदड़ के रूप में सामने आया। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि 30-35 हजार की क्षमता वाले स्टेडियम में समाने के लिए करीब ढाई-तीन लाख लोग आ गए थे। इस घटना ने एक बार फिर भारत में बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की गंभीर समस्या को उजागर किया है। इससे पहले इसी साल महाकुंभ, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन और उससे पहले हाथरस में ऐसी ही भगदड़ें हुई थीं, जिनमें बड़ी संख्या में मौतें हुईं। इन मौतों का सही आंकड़ा कभी सामने नहीं आता, कभी यह पता नहीं चल पाता कि दोषियों की शिनाख्त हुई या नहीं, उन्हें सजा मिली या नहीं और न ये पता लगता है कि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई नीति बनाई जाएगी या नहीं। अगर ऐसा होता तो हर दो-चार महीने में भगदड़ के हादसे नहीं होते।

दरअसल हिंदुस्तान में आम आदमी की जान की कोई कीमत ही नहीं रह गई है। बाढ़, बारिश, लू, ठंड, कुपोषण, इलाज न मिलना, सड़क हादसे, भगदड़ वजह कोई भी हो सकती है, लेकिन हर साल ऐसे ही किसी बहाने की आड़ में सैकड़ों जिंदगियां अकाल मौत का शिकार होती हैं। ऐसी मौतों पर सरकारों को कितना अफसोस होता है, यह तो कहा नहीं जा सकता, अलबत्ता इन पर राजनीति खूब होती है। शायद इसलिए इन्हें रोकने की कोई कोशिश भी नहीं होती। वर्ना बाढ़, बारिश, गर्मी सबकी भविष्यवाणी पहले से मौसम विभाग कर देता है, तो सरकारें उस हिसाब से व्यवस्था कर सकती है ताकि लोगों को कम से कम तकलीफ हो। इसी तरह अस्पतालों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर व्यवस्था चाक-चौबंद करके हादसों को रोका जा सकता है। अब तो आपदा प्रबंधन विभाग भी है। लेकिन फिलहाल देश में आपदा प्रबंधन आग लगने पर कुआं खोदने की तर्ज पर काम करता है।

बेंगलुरू मामले में गनीमत इस बात की है कि यहां कांग्रेस की राज्य सरकार मुंह छिपाती नहीं फिर रही है। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सब मीडिया के सामने आकर अपनी बात कह रहे हैं, अस्पतालों में पीड़ितों से मिल रहे हैं। जबकि हाथरस और प्रयागराज में महाकुंभ में हुई भगदड़ में भाजपा सरकार का रवैया बिल्कुल उलट रहा। महाकुंभ में तो असल में कितने लोगों की मौत हुई और कितनी भगदड़ मची, यह भी अब तक स्पष्ट नहीं है। अलबत्ता इस बार भाजपा को कांग्रेस सरकार को घेरने का मौका मिल रहा है, तो वह जरा सी कसर नहीं छोड़ रही। राज्य सरकार पर घोर लापरवाही के इल्जाम लगाए जा रहे हैं, इस्तीफा मांगा जा रहा है। लोकतंत्र में विपक्ष का रवैया बिल्कुल ऐसा ही होना चाहिए, साथ ही जनता की जान को एक जैसा ही कीमती समझना चाहिए। बहरहाल, इस मामले में बैंगलोर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर गुरुवार को सुनवाई की थी, जिसमें सरकार का पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने कहा कि राज्य सरकार कोई प्रतिकूल रुख नहीं अपना रही है, इसलिए, इसे एक दूसरे पर कीचड़ उछालने वाली बात नहीं करनी चाहिए, हमारा ध्यान घटना की जांच करने और कार्रवाई करने पर है। अदालत जो आदेश देगी हम उस अनुसार काम करने को तैयार हैं। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब इस तरह की घटनाएं होती हैं तो एक एसओपी यानी मानक प्रक्रिया होना चाहिए। अदालत ने कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन और आरसीबी दोनों को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई अब संभवतः मंगलवार को होगी।

फिलहाल सरकार और आरसीबी ने पीड़ितों के लिए अलग-अलग मुआवजे का ऐलान कर दिया है। लेकिन एक शाश्वत सवाल है कि क्या चंद लाख रुपयों से जो जानें गई हैं, वो क्या वापस आ जाएंगी। असली मुआवजा तो वही होगा जब ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मगर जिस तरह इस मामले को राजनैतिक हिसाब-किताब चुकता करने का जरिया बनाया जा रहा है, उसमें अच्छाई की उम्मीद नहीं दिखती।

अब इस देश की जनता को विचार करना होगा कि आखिर वह कब तक अकारण जान दांव पर लगाती रहेगी। आरसीबी ने पहली बार आईपीएल का खिताब जीता, बहुत अच्छी बात है। लेकिन यह बात मैच खत्म होने और विजेता को ट्राफी मिलने के साथ ही खत्म भी हो जानी चाहिए। मगर मीडिया, सोशल मीडिया इन सबके बनाए चकाचौंध वाले माहौल में आम आदमी अपनी सुधबुध खोकर वही करने लगता है, जो ये चाहते हैं, जिनसे इन्हें मुनाफा होता रहे। विजेता टीम को खुली बस में घुमाना, जीत की परेड निकालना, उनके स्वागत में जश्न रखना, इन सबमें खिलाड़ियों, टीमों और उनके प्रायोजकों को भारी-भरकम कमाई होती है। आईपीएल जैसे विशुद्ध व्यावसायिक आयोजन में तो कोई भी टीम हारे या जीते कमाई हर हाल में होती है। पर्दे के पीछे बैठे कारोबारी हर ओवर पर अरबों की कमाई करते हैं। ये वही लोग होते हैं जो करोड़ों में खिलाड़ियों को खरीदते हैं, फिर उनसे जुड़े किसी भावनात्मक पहलू को लेकर माहौल बनाते हैं। जैसे अभी विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया तो इस बार उनका माहौल बना था और इसलिए आरसीबी की जीत में विराट नायक की तरह पर्दे पर पेश किए गए। आईपीएल के कर्ता-धर्ता जानते हैं कि विराट की प्रसिद्धि से मुनाफा कैसे कमाया जा सकता है। उन्होंने मुनाफा कमा लिया, 11 लोगों ने अपनी जान से हाथ धोया और विराट कोहली यह कहकर चलते बने कि उनके पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं।

कम से कम जनता से इतनी अपील ही कर देते कि आगे से ऐसे आयोजनों में जान जोखिम में डालकर शामिल न हो, कम से कम नेताओं से अपील कर देते कि इस हादसे में न्याय दें, राजनीति न करें। लेकिन विराट कोहली के पास शब्द नहीं हैं, और अरबों की कमाई करने वाले उन जैसे खिलाड़ियों का भी यही हाल होगा, दरअसल इनके पास शब्दों नहीं हिम्मत का अकाल है। खैर अब जनता को ही विचार करना चाहिए कि अपना धन और अपनी जान दोनों देकर भी उसे आखिर में क्या हासिल हो रहा है।

# सीडीएस-सीजेआई के विदेशी धरती पर महत्वपूर्ण बयान

हम अक्सर नेताओं के भाषण सुनते हैं जिनमें लगभग सभी का यही दावा होता है कि वे जो कह रहे हैं वही जनता के हित में है। अवसर मिलते ही वे हर मुद्दे पर बोलते हैं। फिर चाहे उस मुद्दे पर इनका ज्ञान लगभग शून्य ही क्यों न हो। ऐसे में देखा गया है कि विशेषज्ञ और बड़े पदों पर बैठे बुद्धिमान और ज़िम्मेदार दिमाग ज़्यादातर चुप्पी साध लेते हैं क्योंकि वे जब भी बोलते हैं सत्ता के पिट्ठू या तो समझ नहीं पाते या फिर उन्हें इस तरह घेरते हैं जैसे उन्होंने कोई देश विरोधी बात कह दी हो, गुनाह कर दिया हो। वही घिसे-पिटे चेहरे टीवी चैनलों पर आकर उन्हें दोषी ठहराने लगते हैं। कई गंभीर मुद्दे यहां 'ऐलिस इन वंडरलैंड' की तरह खो जाते हैं। सियासी दलों को भले ही तुरंत लाभ मिल जाता है लेकिन देश हित में कोई सार्थक विचार कभी आगे नहीं बढ़ पाते। शायद यही वजह है कि विशेषज्ञ देश के भीतर कुछ बोलने में हिचकते हैं लेकिन जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलने का अवसर मिलता है तो वे बेहद सधे हुए ढंग से अपनी बात रखते हैं क्योंकि बड़े मंचों पर आप केवल 'पॉलिटिकली मोटिवेटेड+ नहीं हो सकते। वहां आप अपने विषय के विशेषज्ञ हैं। इस सप्ताह देश के दो बड़े ओहदों से देश के बाहर से ज़रूरी बातें सामने आई हैं जिसे सबको सुनना चाहिए। ये दो आवाज़ें हैं-भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और चीफ़ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की।

भारत के सीडीएस चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को स्वीकार करते हुए कहा कि सामरिक गलतियों के कारण हवाई संपत्तियों का शुरुआत में नुकसान हुआ, लेकिन स्थिति को जल्दी ही संभाल लिया गया। जनरल ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 15 फ़ीसदी समय फ़र्ज़ी खबरों से निपटने में लगा। सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग में बोलते हुए जनरल ने कहा कि-भारत की रणनीति तथ्यों पर आधारित रही, फिर भले ही जवाब देने में थोड़ी देरी हुई हो। उन्होंने कहा कि इससे साफ होता है कि भारत को सूचना युद्ध (इनफार्मेशन वारफेयर) के लिए एक अलग और विशेष शाखा की जरूरत है। जनरल चौहान ने कहा कि आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो बिना लड़ाई के लंबे समय तक सेना को तैनात करना बहुत महंगा पड़ता है। इसलिए भारत ऑपरेशन के बाद जल्दी से डिसइंगेज कर लेता है। लंबे युद्ध देश के विकास में बाधा डालते हैं और यह बात दुश्मन भी जानता है। जनरल चौहान ने शनिवार (31 मई) को सिंगापुर में आयोजित शांगरी-ला डायलॉग में ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर जो बातचीत की उसे ऑपरेशन सिंदूर पर दी गई बेहद दुर्लभ लेकिन आधिकारिक जानकारी माना गया है। अजीब यह है कि ऐसे संवाद अब देश के भीतर सुनने को नहीं मिलते, जैसे कोई सुनियोजित ढंग से इसे ख़त्म करना चाह रहा हो।

**उनकी तीन खास बातों में पहल**

दिन भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान खोने का ज़िक्र भी था। जनरल चौहान ने पहली बार यह स्वीकार किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> **भारत के सीडीएस चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को स्वीकार करते हुए कहा कि सामरिक गलतियों के कारण हवाई संपत्तियों का शुरुआत में नुकसान हुआ, लेकिन स्थिति को जल्दी ही संभाल लिया गया। जनरल ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 15 फ़ीसदी समय फ़र्ज़ी खबरों से निपटने में लगा।**

रात भारतीय वायुसेना के कुछ लड़ाकू विमान नष्ट हो गए थे। उन्होंने इन 'प्रारंभिक नुकसानों' के लिए रणनीतिक चूक को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने विमान गिरे थे। उन्होंने पाकिस्तान के उस दावे को 'पूरी तरह ग़लत' कहा जिसमें छह भारतीय फाइटर जेट्स को मार गिराने की बात कही गई थी। जनरल चौहान ने ज़ोर दिया कि संख्या नहीं, बल्कि यह समझना ज़रूरी है कि ये नुकसान क्यों हुए और उनसे कैसे सबक लिया गया। इन नुकसानों के बाद, भारतीय वायुसेना ने लगभग दो दिन तक अपने सभी फाइटर जेट्स की उड़ानें रोक दी थीं। इस दौरान रणनीति की समीक्षा की गई और सुधार किए गए। ब्लूमबर्ग से बातचीत में जनरल चौहान ने कहा, 'हमने यह समझा कि हमने किस स्तर पर टैक्टिकल गलती की थी। उसे ठीक किया, उसमें सुधार किया और दो दिन बाद फिर से सभी विमान उड़ाए और लंबी दूरी से लक्ष्य साधा।' इस रणनीतिक विराम से वायुसेना को फिर से संगठित करने और पाकिस्तान के भीतर गहराई तक सटीक हमले करने का मौका मिला। एक और बात जिससे पाकिस्तान को 'कट्टर दुश्मन' बताने का भारतीय मीडिया का नैरेटिव ख़राब होता है, वह भी जनरल चौहान ने कही कि तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद दोनों देशों ने संयम और समझदारी दिखाई। किसी भी पक्ष ने स्थिति को परमाणु युद्ध की ओर नहीं बढ़ने दिया। रॉयटर्स से बातचीत में उन्होंने कहा,- 'ऑपरेशन सिंदूर के हर चरण में दोनों पक्षों ने सोच-समझकर और जिम्मेदारी से कदम उठाए।' उन्होंने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना को 'बहुत दूर की बात' कहकर खारिज किया और यह भी बताया कि दोनों देशों के बीच संवाद के रास्ते खुले रहे, जिससे संकट को नियंत्रित किया जा सका।

होना तो यह चाहिए था कि इन गंभीर बातों को गंभीरता से लिया जाता लेकिन देश के ज़िम्मेदारों की रुचि तो तीनों सेना प्रमुखों को आईपीएल मैच देखने के लिए न्यौता देने में (जिसे स्वीकार नहीं किया गया) रही, कर्नल सोफ़िया कुरैशी के परिवार से सरकार पर फूल बरसवाने में और मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री की सुनें तो यह बताने में रही कि 'देश की सेना भी हमारे नेता के चरणों में नतमस्तक है।' अफ़सोस कि देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रतिबद्धता के साथ जीने वालों की शान के ख़िलाफ़ आए इस बयान पर कोई सशक्त प्रतिकार सत्ता पक्ष की ओर से नहीं आता। बहरहाल जनरल चौहान की टिप्पणियों के बाद अब मोदी सरकार से यह मांग उठनी शुरू हो गई है कि ऐसे संवेदनशील मामलों पर आधिकारिक रूप से और ज़्यादा पारदर्शिता बरती जाए, क्योंकि यह अहम खुलासे देश के बाहर, विदेशी धरती पर किए गए थे। वैसे शांगरी-ला डिफ़ेंस कॉन्फफेंस प्रमुख देशों के रक्षा मंत्रियों का सम्मलेन भी है। सवाल ये भी हैं कि हमारे रक्षा मंत्री क्यों नहीं गए? जवाब मिलने चाहिए कि जो नुकसान हुआ वह राफेल का था या किसी और फाइटर जेट का, क्या पाकिस्तान को पहले सूचना देने का भी इस हानि से कोई ताल्लुक है; और जब सीडीएस खुद मान रहे हैं कि चूक हुई है तब क्या भारत ने पाकिस्तान के पास मौजूद चीनी मिसाइलों को अनदेखा किया और क्या यह भी एक चूक ही कही जाएगी कि भारत ने मान लिया कि बालाकोट की तरह इस बार भी पाकिस्तान चुप रहेगा? जो तात्कालिक नुक़सान साफ़ दिख रहा है वह यह है कि दुनिया अब भारत-पाकिस्तान को एक पलड़े पर रखती हुई नज़र आ रही है।

विदेशी धरती से दूसरी बड़ी आवाज़ भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई की सुनाई दी है जो मंगलवार को लंदन में आयोजित ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट की चर्चा में भाग ले रहे थे। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद जजों की सरकारी पदों पर नियुक्ति और चुनाव लड़ने को लेकर कहा कि ये गंभीर नैतिक चिंताएं हैं। उन्होंने कहा- 'अगर कोई जज रिटायरमेंट के तुरंत बाद सरकार से कोई पद लेता है या चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दे देता है तो उससे कई सवाल खड़े होते हैं। लोग सोचते हैं कि न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं है। उन्हें लगता है कि जज सरकार से फायदा लेने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह की चीज़ें न्यायपालिका की ईमानदारी पर सवाल उठाती हैं। लोगों को लगता है कि जजों ने भविष्य में पद पाने के लिए फैसले दिए थे।' दरअसल 2014 से, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एस. अब्दुल नज़ीर (आंध्र प्रदेश के राज्यपाल नियुक्त) और न्यायाधीश रंजन पी. गोगोई (राज्यसभा में नियुक्त) को सेवानिवृत्ति के बाद हाई प्रोफ़ाइल पद मिले। कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने पद से इस्तीफ़ा देकर भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ा और आज सांसद हैं। ऐसे मामलों से इस बात पर बहस होती है कि क्या ये नियुक्तियां न्यायिक अखंडता से समझौता नहीं करतीं, जिसकी ओर सीजेआई साफ इशारा करते हैं? इस चर्चा में उन्होंने न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और कदाचार की बात भी कही थी। हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं जिनके दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। विडंबना ही है कि देश के विशेषज्ञ बाहर अपनी बात तर्कसंगत होकर समझाते हैं और देश के भीतर हम मजबूर किए जाते हैं नकली बहस और कुतर्की बयान सुनने के लिए।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# रूस से आयात में भारी कटौती के लिए अमेरिका का भारत पर दबाव

■ अंजन रॉय

भारत द्वारा रूसी हथियारों और शस्त्रों की खरीद 'अमेरिका को परेशान करती है'। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के अनुसार, यह भारत-अमेरिका संबंधों में एक परेशानी है।

इतना कहने के बाद, यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि भारत विविध संपत्तियों वाला एक बड़ा देश है, विशेष रूप से इसके प्रतिभाशाली लोग जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में सक्षम हैं। वाशिंगटन, डीसी में भारतीय टीवी नेटवर्क, एएनआई के साथ बात करते हुए अमेरिकी वाणिज्य सचिव लुटनिक ने अमेरिकी विचारों को स्पष्ट किया।

लुटनिक ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहली प्राथमिकता उन्नत विनिर्माण में अमेरिका फर्स्ट है। हालांकि, इसके अलावा अमेरिका के पास मित्रों और सहयोगियों के साथ सहयोग के कई क्षेत्र खुले हैं, जिन्हें भारत द्वारा खोजा जा सकता है। लुटनिक ने बताया कि विनिर्माण के इन उच्चतम तकनीक और उन्नत क्षेत्रों में से कुछ को अमेरिका द्वारा एक सुविचारित नीति के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है।

> **विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभ ही लाभ संभव है। वाणिज्य सचिव लुटनिक जिस बात का जिक्र कर रहे थे, उसके पीछे कुछ तर्क और दृष्टिकोण है।**

विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभ ही लाभ संभव है।

वाणिज्य सचिव लुटनिक जिस बात का जिक्र कर रहे थे, उसके पीछे कुछ तर्क और दृष्टिकोण है। आम अमेरिकियों की खपत की जरूरतों को पूरा करने वाले 90पतिशत से अधिक सामान्य माल की आपूर्ति वर्तमान में चीन द्वारा की जा रही थी। इसके परिणामस्वरूप अमेरिका के मुकाबले चीन का व्यापार अधिशेष बहुत अधिक हो रहा था।

डोनाल्ड ट्रंप की नीति के तहत, अमेरिका इस असंतुलन को ठीक करने और इन क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने की कोशिश कर रहा है। यह अमेरिकी रणनीति का हिस्सा है और देश को भारत को एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरते हुए देखकर खुशी होगी।

दूसरी ओर, अमेरिकी वाणिज्य सचिव ने सहजता से कहा कि यूक्रेन पर मौजूदा शत्रुतापूर्ण स्थिति के संदर्भ में यदि भारत रूस से अपने सभी हथियारों की खरीद जारी रखता है तो इससे भारतीय वस्तुओं की खरीद नीति निर्माताओं के बीच भारत के प्रति प्रतिकूल भावनाएं पैदा करेगी।

अमेरिका के लिए सबसे ज़्यादा परेशान करने वाली बात सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली - तथाकथित एसएएम-400 की खरीद थी, जो पहलगाम में आतंकवादी हमले की घटना को लेकर भारत-पाक टकराव में बेहद मूल्यवान साबित हुई थी। भारत देश में एसएएश-400 मिसाइल प्रणाली का एक और सेट तैनात करने की योजना बना रहा है।

आतंकवादी हमले पर हालिया विवाद से ठीक पहले भारत ने धीरे-धीरे रक्षा उपकरणों और हथियार प्रणाली की खरीद में विविधता ला दी है, जिसमें अमेरिकी हार्डवेयर की खरीद भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत ने अमेरिकी प्रणालियों और हथियारों की खरीद शुरू की है।

भारत और अमेरिका के बीच सहयोग का एक और क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हो सकता है। उन्नत एआई सिस्टम भारतीय और अमेरिकी विशेषज्ञों के बीच मिलकर बनाये जा सकते हैं और इससे बहुत फ़ायदा होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि इन क्षेत्रों में भारतीय दक्षता की आम तौर पर सराहना की जाती है और इनका उपयोग दोनों देशों के लाभ के लिए किया जा सकता है।

वास्तव में, राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपने 'पारस्परिक टैरिफ की घोषणा के बाद, भारत और अमेरिका ने व्यापार वार्ता में भाग लिया है। वर्तमान में केवल कुछ ही देश गंभीर और बहुत आगे बढ़कर व्यापार वार्ता कर रहे हैं, और भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है। अमेरिका जापान के साथ इसी तरह की व्यापार वार्ता कर रहा है और दक्षिण कोरिया भी इसी तरह की वार्ता कर रहा है।

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता कम समय में पूरी हो सकती है। आम तौर पर, एक व्यापार वार्ता कम से कम दो साल तक चलती है, क्योंकि कई नाजुक और जटिल मुद्दों को सुलझाना होता है। फिर भी, अफवाहों के अनुसार, इन्हें कुछ महीनों की अवधि में ही समेट दिया जा रहा है।

अंदरूनी जानकारी से संकेत मिलता है कि अगर विनिर्माण गतिविधियों को इस तरह से व्यवस्थित किया जा सके तो भारत-अमेरिका व्यापार कारोबार कम समय में 500अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। हालांकि,भारत को इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भूमि और श्रम बाजारों के सुधारों जैसे कुछ बड़े आंतरिक सुधारों की आवश्यकता होगी।

फिर भी इन सुधारों को लागू करना आसान नहीं है। ये मूल रूप से एक लोकतांत्रिक और संघीय ढांचे में घरेलू राजनीतिक मुद्दे हैं। इसके लिए विभिन्न राज्यों में सत्तासीन प्रमुख राजनीतिक दलों और केंद्र के बीच लंबी बातचीत की आवश्यकता हो सकती है, और यहीं पर समस्या है।

आशाजनक संकेत यह है कि कुछ राज्य इन बाध्यताओं के बारे में बढ़ती जागरूकता दिखा रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि जो राज्य इन बाध्यताओं के प्रति सजग हैं, वे स्पष्ट प्रगति कर रहे हैं, जबकि जो राज्य अपनी कट्टर राजनीतिक स्थिति में अड़े हुए हैं, वे पिछड़ रहे हैं। इससे देश के भीतर प्रगतिशील और प्रतिगामी राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा हो सकती है जो विकास के लिए संयुक्त मार्ग निर्धारित कर सकती है।



## ललित सुरजन की कलम से

## स्थानीय स्वशासन कितना सार्थक?

*'सिंहदेवजी ने एक दिन कहा कि चुनाव के समय दूरदराज के मतदाता भी रातभर अपनी झोपड़ी की फटकी को आधा खुला रखते हैं और ढिबरी जलने देते हैं। यह बताने के लिए कि हम जाग रहे हैं, प्रतीक्षा कर रहे हैं, मतदान के पहले जो देना हो दे जाओ। मतलब यह कि चुनावों के समय उम्मीदवार अगर साड़ी, शराब, रुपया बांट रहे हैं तो उसे लेने से वे इंकार नहीं करते, फिर भले ही वोट किसी को भी दें। इतना तय है कि जिसने कुछ नहीं दिया उसे वोट पाने की उम्मीद भी नहीं करना चाहिए।'*

*'यह किस्सा इसलिए ध्यान में आया क्योंकि रायपुर नगर निगम के चुनाव में ही मुझे यहां-वहां से बहुत सारी खबरें सुनने मिलीं। मसलन, जुलूस निकालने और पर्चियां बांटने का रेट दो सौ-ढाई सौ रुपए प्रतिदिन था, भाजपा के उम्मीदवारों ने गरीब बस्तियों में तीन-तीन सौ रुपया बांटे, तो कांग्रेसियों ने दो सौ। कहीं-कहीं पांच सौ रुपए तक बांटने की खबरें आईं। चेपटी याने देशी दारू के पाउच तो बांटे ही गए। इस बार कुछ उम्मीदवारों ने अक्ल का परिचय देते हुए पैसा ब्राह्म मुहूर्त में बांटा जब विरोधी भी सोए हों, रात को जब पकड़े जाने की आशंका न हो। एम्बुलेंस गाडिय़ों का उपयोग भी इस वितरण के लिए किया गया जिन पर सामान्यत- शंका नहीं होती और कई जगह पुलिस वालों ने देखकर भी नहीं देखा। जो रायपुर में हुआ वही अन्यत्र भी हुआ होगा। जब ये हाल हैं तो आने वाले दिनों की तस्वीर क्या होगी? इसकी कल्पना करना कठिन नहीं है। जो राजनीतिक कार्यकर्ता स्थानीय चुनावों में ऐसे पाठ पढ़ा रहे हैं उनका भविष्य कितना उज्जवल होगा इसका भी अनुमान किया जा सकता है।'*

**(देशबन्धु में 1 जनवरी 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/

## पावन प्रसंग

## ईद-उल-अज़्हा : कुर्बानी का त्योहार और इसकी सामाजिक व समकालीन उपयोगिता

ईद-उल-अज़्हा, जिसे ईद-ए-कुर्बान भी कहा जाता है, इस्लामी कैलेंडर का एक बेहद महत्वपूर्ण और पाक अवसर है। यह न केवल हज़रत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) की आज्ञा पालन और वफ़ादारी की याद दिलाता है, बल्कि इसमें त्याग, दानशीलता, सामाजिक सहानुभूति, और रूहानी तर्बियत का एक मुकम्मल पैग़ाम भी छुपा होता है। यह त्योहार हमें सिर्फ जानवर ज़बह करने का नहीं बल्कि ज़िन्दगी के हर पहलू में कुर्बानी, सब्र और ज़िम्मेदारी अपनाने की तालीम देता है।

क़ुर्बानी की असल रूह-हज़रत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) का अमल हमें यह सिखाता है कि एक मोमिन इंसान को अपनी सबसे अज़ीज़ चीज़ भी अल्लाह की राह में देने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह ईमानदारी और फ़रमानबरदारी की बेहतरीन मिसाल है, जो न सिर्फ़ हमारी ज़ाति ज़िन्दगी बल्कि पूरे समाज पर असर डालती है।

'अल्लाह तक न उनका गोश्त पहुंचता है और न खून, बल्कि तुम्हारा तक़्वा पहुंचता है।'

-(सूरह अल-हज्ज: 37)

सामाजिक समानता और सहानुभूति: ईद-उल-अज़्हा हमें यह एहसास दिलाती है कि ख़ुशी और नेमतों पर हर इंसान का हक़ है — चाहे वो अमीर हो या ग़रीब। जब क़ुर्बानी का गोश्त तीन हिस्सों में तक़सीम किया जाता है— तो यह सिर्फ़ एक रस्म नहीं बल्कि सामाजिक इंसाफ़ और भाईचारे की एक ज़िंदा मिसाल होती है।

पर्यावरणीय पहलू- आज के दौर में क़ुर्बानी के मौक़े पर माहौलियाती हिफ़ाज़त एक अहम मुद्दा बन चुका है।

जानवरों के ज़बह के बाद उनका फुज़ला, खून, खाल वग़ैरह अगर सही तरीक़े से नहीं निपटाया गया, तो यह माहौल को गंदा और नुक़सान पहुंचा सकता है।

इस्लाम हमें सिखाता है: सफ़ाई आधा ईमान है। इसलिए ज़रूरी है कि हम क़ुर्बानी करते हुए ऐसी जगहों और तरीक़ों को अपनाएं जहां शरई उसूलों का भी ख़याल रखा जाए और माहौल की भी हिफ़ाज़त हो।-

क़ुर्बानी में अनुशासन ईद-उल-अज़्हा के दिन लाखों जानवरों की क़ुर्बानी एक बड़ा और मुनज़्ज़म अमल होता है। इसमें नज़्म-ओ-ज़ब्त, वक़्त की पाबंदी, सफ़ाई का ख्याल, और दूसरों के जज़्बात का एहतेराम शामिल होना चाहिए।

जानवर का सही चुनाव, ज़बह का तरीका, गोश्त की तकसीम—सब कुछ शरीअत के मुताबिक़ हो। बिना जानकारी क़ुर्बानी, गंदगी फैलाना, या दिखावा करना इस इबादत की रूह के ख़िलाफ़ है।

आधुनिक दौर में क़ुर्बानी का मतलब- आज के दौर में क़ुर्बानी सिर्फ़ जानवर के ज़बह तक महदूद नहीं रहनी चाहिए। हमें इस रूह को अपनी ज़िन्दगी में भी अपनाना होगा: वक़्त की क़ुर्बानी दूसरों के लिए, माल की क़ुर्बानी ज़रूरतमंदों के लिए, अना की क़ुर्बानी रिश्तों की भलाई के लिए, और ख्वाहिशों की क़ुर्बानी अल्लाह की रज़ा के लिए।

अगर हम सिर्फ़ एक दिन गोश्त बांट कर पूरे साल बे-परवाह रहें, तो क़ुर्बानी का असल मक़सद खो जाएगा। ईद-उल-अज़्हा हमें सिखाती है कि असली क़ुर्बानी वही है जो इख़लास, नियत, और इंसानियत की भलाई के साथ हो। यह एक ऐसा मौका है जब हम न स्रिर्फ अल्लाह की रज़ा हासिल करते हैं, बल्कि समाज में सहानुभूति, साफ़-सफ़ाई, अनुशासन, और पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलाते हैं।

अगर हम इस त्योहार की असल रूह को समझकर उस पर अमल करें, तो यह हमारे समाज में त्याग, बराबरी, भाईचारा, और शऊर की बेदारी का सबब बन सकता है।

**-नुजहत सुहैल पाशा**

## आपके पत्र

## शिक्षा का उज्ज्वल चेहराः मिजोरम से क्या सीख सकते हैं हम!

जब भारत के कई राज्य अब भी शिक्षा के बुनियादी लक्ष्यों को छूने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे समय में मिजोरम ने इतिहास रच दिया है। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं, बल्कि वह मशाल है, जो देश के लिए दिशा और प्रेरणा दोनों बन सकती है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2023-24 के अनुसार, मिजोरम ने 98.2 प्रतिशत की साक्षरता दर के साथ 'पूर्ण साक्षरता' का गौरव प्राप्त कर लिया है और इसी के साथ यह भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां हर दस में लगभग दस व्यक्ति पढ़ना-लिखना जानते हैं। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि उस सामाजिक चेतना, प्रतिबद्ध प्रशासन और शिक्षकों की निःस्वार्थ भागीदारी की गाथा है, जिसने शिक्षा को अधिकार नहीं, ज़िम्मेदारी माना। अक्सर हाशिए पर रखे जाने वाले उत्तर-पूर्वी राज्यों में से एक, मिजोरम ने दिखा दिया है कि विकास केवल संसाधनों पर नहीं, संकल्प और सहभागिता पर निर्भर करता है। शिक्षा को लेकर यह राज्य जिस प्रकार आगे बढ़ा है, वह भारत की समग्र शिक्षा नीति पर एक मौन प्रश्नचिह्न भी है कि जो छोटे और संसाधन-वंचित राज्य कर सकते हैं, वह बड़े और अपेक्षाकृत समृद्ध राज्य क्यों नहीं? 2023 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'उल्लास' नव-साक्षरता अभियान को मिजोरम ने केवल सरकारी योजना की तरह नहीं लिया, बल्कि उसे एक सामाजिक आंदोलन में तब्दील कर दिया। समग्र शिक्षा और नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को जोड़ते हुए इसे मिशन मोड में उतारा गया। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण का गठन हुआ, और एससीईआरटी के अंतर्गत एक 'राज्य साक्षरता केंद्र' की स्थापना की गई। यहां मिज़ो भाषा में 'वर्टियन' नामक अध्ययन सामग्री तैयार की गई, स्वयंसेवी शिक्षकों के लिए 'मार्गदर्शक' पुस्तिका बनाई गई और छात्रों के लिए 'रोमी' जैसे संसाधन विकसित किए गए।

भारत आज जिस 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' की बात करता है, वह केवल जनसंख्या के आंकड़े नहीं हैं। वह एक ज़िम्मेदारी है देश की युवा शक्ति को सही दिशा देने की। सवाल यह है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था इस ज़िम्मेदारी के योग्य है? क्या हम केवल डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी पैदा करना चाहते हैं, या फिर ऐसे विवेकशील, संवेदनशील और सजग नागरिक, जो राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें? मिजोरम इस प्रश्न का उत्तर है। एक छोटा राज्य, सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा को लेकर उसकी सोच और क्रियान्वयन यह दिखाता है कि परिवर्तन नीचे से आता है, ऊपर से नहीं। जब शिक्षक बच्चों के नाम और उनके घरों को जानता है, अभिभावक शिक्षक से संवाद करता है, और समाज विद्यालय को अपना दायित्व मानता है, तब शिक्षा एक सामाजिक अभियान बन जाती है—न कि कोई सरकारी आदेश। मिजोरम की शिक्षा पद्धति में यह भी विशेष है कि वहां शिक्षा को जीवन मूल्यों से जोड़ा गया है। बच्चे वहां नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता और आदिवासी अधिकार जैसे मुद्दों से भी परिचित होते हैं। इस समावेशी मॉडल का प्रभाव यह है कि वहां शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक अर्जित करना नहीं, बल्कि एक संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण है। यह दृष्टिकोण उस भ्रामक प्रतिस्पर्धा से मुक्त करता है जो आज अधिकांश राज्यों में विद्यार्थियों पर बोझ बन चुकी है।

मिजोरम का उदाहरण यह बताता है कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो सीमित संसाधनों के बीच भी शिक्षा को सामाजिक क्रांति में बदला जा सकता है। इसके लिए न केवल नीति चाहिए, बल्कि नीयत भी चाहिए। हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां शिक्षा केवल मंत्रालयों का विषय न होकर हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी बने। अब समय आ गया है कि देश इस मॉडल को केवल सराहे नहीं, बल्कि इसे अपनाए। जब तक हम शब्दों से निकलकर ज़मीन पर नहीं उतरेंगे, तब तक 'ज्ञान की महाशक्ति' बनने का सपना अधूरा ही रहेगा।

**-सोनम लववंशी**

### पर्यावरण दिवस पर पन्नालाल शाक्य का छलका दर्द

# विधायक बोले, इलेक्टेड की बात नहीं सुनी जा रही, सिलेक्टेड हावी

**गुना, देशबन्धु।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को गुना में एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ देश की आंतरिक सुरक्षा और जनहित के मुद्दों पर ध्यान देना भी अत्यंत आवश्यक है, तभी सही मायने में पर्यावरण दिवस सार्थक हो पाएगा।

विधायक शाक्य ने अपनी बात रखते हुए कहा कि उन्होंने गुना के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण मांगे रखी थीं, जो अब तक पूरी नहीं हुई हैं। उन्होंने विशेष रूप से तीन बिंदुओं पर अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि गुना में रिंग रोड की मांग लंबे समय से लंबित है, लेकिन यह अभी भी खटाई में पड़ी हुई है। अम्मा महाराज के नाम से सड़क का प्रस्ताव अनसुना- विधायक ने विवेक कॉलोनी से बायपास तक अम्मा महाराज के नाम से एक सड़क बनाने का प्रस्ताव रखा था, जिस पर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने तात्या टोपे यूनिवर्सिटी के स्थान बदलने और गुना के 10 किलोमीटर के क्षेत्र को नगर निगम में शामिल करने के प्रस्तावों पर भी गतिरोध का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर अधिकारी अपनी-अपनी तुकबंदी लगा रहे हैं और जनता के चुने हुए प्रतिनिधि इलेक्टेट की बात नहीं सुनी जा रही है, बल्कि सिलेक्ट हावी हो गया है।



अच्छे मतों से जिताया, मेरी सुन नहीं रहे विधायक ने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि जनता ने उन्हें अच्छे मतों से जिताकर विधानसभा भेजा है, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। अपने संबोधन में विधायक शाक्य ने अपनी बेटियों व्योमिका सिंह और सोफिया कुरैशी का जिक्र किया, हालांकि उनके बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। वहीं, उन्होंने ज्योति मल्होत्रा का नाम लेते हुए कहा कि ऐसे लोगों से सजग रहना चाहिए।

### देश की आंतरिक सुरक्षा पर जोर

विधायक शाक्य ने पर्यावरण दिवस के मौके पर देश की आंतरिक सुरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, देश को अंदर से भी सुरक्षित रखना होगा, सीमाओं पर देश की सेना निबट लेंगी।

देश सुरक्षित रहेगा तभी पर्यावरण दिवस साकार हो सकेगा। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस साइकिल रैली और विधायक के संबोधन ने गुना में पर्यावरण जागरूकता के साथ-साथ स्थानीय विकास और प्रशासनिक गतिरोध के मुद्दों को भी एक बार फिर चर्चा में ला दिया है।

### नगर निगम मुद्दे पर बरकरार है टीस

गौरतलब है कि गुना को नगर निगम बनाने के दौरान शहर के आसपास के 30 से ज्यादा गांवों को शहरी क्षेत्र में शामिल किए जाने का प्रस्ताव है। लेकिन सबसे पहले हरिपुर के ग्रामीण विरोध स्वरूप सामने आए, इसके बाद लगातार गांवों द्वारा विरोध किया जा रहा है। इससे विधायक नाराज हैं और दुखी भी। उनका कहना है कि राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए जनता को बरगलाया जा रहा है। जब लोग यह जानते हैं कि शासकीय योजनाओं से कैसे लाभान्वित होना है तो फिर नगर निगम के नुकसान उन्हें कौन बता रहा है। जबकि नगरीय क्षेत्र में शामिल होने से विकास का पहिया तेज गति से आगे बढ़ेगा। विधायक इशारों ही इशारों में कुछ नेताओं पर संदेह भी जाहिर कर चुके हैं। आशंका है कि यह मुद्दा आने वाले दिनों में और तूल पकड़ सकता है।

### गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो सकता है केस

# 6 साल की बच्ची के पेट से निकला एक मीटरलम्बा बालों का गुच्छा

**गुना, देशबन्धु।** गुना के चिकित्सकों ने एक 6 साल की बच्ची के पेट से 170 वजनी और एक मीटर लम्बा बालों का गुच्छा निकालने का सफल ऑपरेशन किया है। इस जटिल ऑपरेशन को सफलता पूर्वक करने वाले चिकित्सक डॉ. वायएस रघुवंशी की मानें तो 6 साल की बच्ची के पेट से बालों का एक मीटर लम्बा गुच्छा निकालने का यह पहला मामला हो सकता है। ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक ने इस केस को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल कराने के प्रयास शुरु कर दिए हैं। पीड़ित बच्ची मूलत- अशोकनगर जिले की रहने वाली है। इस बच्ची को कुछ दिन पहले अचानक पेट में दर्द की शिकायत हुई। जिसके बाद चिकित्सकों ने जांच शुरु की तो पता चला कि बच्ची के पेट में बालों का बड़ा गुच्छा खाने की थैली से लेकर छोटी आंत तक फंसा हुआ है, जिससे बच्ची को काफी तकलीफ हो रही थी। वह लगातार दर्द से परेशान थी। उपचार के दौरान सुखपुर स्थित एक अस्पताल के चिकित्सकों ने बच्ची को किसी बड़े अस्पताल में जाने की सलाह दी। इसी दौरान एक चिकित्सक ने बच्ची के परिजनों को बताया कि गुना के चिकित्सक डॉ. वायएस रघुवंशी इस तरह के ऑपरेशन करने में माहिर हैं। उन्होंने कई



### ट्राइकोबेजोअर से पीड़ित है बच्ची

6 साल की बच्ची का जटिल ऑपरेशन कर बालों का गुच्छा निकालने वाले चिकित्सक डॉ. वाय.एस. रघुवंशी ने बताया कि बच्ची को असल में ट्राइकोबेजोअर नामक बीमारी है। यह कुछ उसी तरह है, जैसे अधिकांश लोगों को मिट्टी खाने की आदत हो जाती है। लेकिन लाखों में एक मामला ऐसा होता है कि कोई व्यक्ति बालों को खाने लगता है। इसे ट्राइकोबेजोअर कहते हैं। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को पता ही नहीं चलता कि कब उसके शरीर के संवेदनशील हिस्सों में बालों का गुच्छा एकत्रित हो रहा है।

रिकॉर्ड बनाए हैं, लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी उनके द्वारा किए गए जटिल ऑपरेशन दर्ज हो चुके हैं। बच्ची के पिता और परिजनों ने तुरंत गुना आकर डॉ. वाय.एस. रघुवंशी से संपर्क किया। डॉ. रघुवंशी और उनकी टीम ने बच्ची की कई जांचें की, जिनमें पता चला कि 6 वर्षीय बच्ची के पेट में बालों का बड़ा गुच्छा मौजूद है, जो भोजन थैली और आंत के बीच फंस चुका है। डॉ. वाय.एस. रघुवंशी ने बच्ची के पिता को ऑपरेशन की सलाह दी, जिसपर परिजन तुरंत सहमत हो गए। इसके बाद बच्ची का सफल ऑपरेशन किया गया और अंतत- उसके पेट से 170 ग्राम वजनी और एक मीटर लम्बा बालों का गुच्छा निकाल लिया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ है।

उसे फिलहाल मेडीकल टीम की निगरानी में रखा गया है। बच्ची दूध और अन्य पोषण तत्व भी ले रही है। चिकित्सकों के मुताबिक वह धीरे-धीरे पूरी तरह स्वस्थ हो जाएगी।

## सार समाचार

### कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण

**गुना, देशबन्धु।** पर्यावरण दिवस पर शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में इको क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें जिला संघ द्वारा आयोजित मिनी मैराथन दौड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा भागीदारी की गई। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. विनीता जैन के द्वारा सभी छात्राओं एवं स्टाफ को पर्यावरण के संरक्षण की शपथ दिलाई गई तत्पश्चात प्राचार्य एवं स्टाफ ने छात्राओं के साथ महाविद्यालय परिसर में पीपल नीम एवं पपीता के फलदार एवं छायादार वृक्षों को लगवाए। प्राचार्य द्वारा पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया और इस वर्ष की थीम के अनुसार प्लास्टिक प्रदूषण को मात दें, विषय पर अपने विचार व्यक्त किए गए। उनके द्वारा छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि उन्हें न केवल महाविद्यालय बल्कि नगर को भी प्लास्टिक मुक्त करने का पूरा प्रयास करना है। इको क्लब प्रभारी प्रोफेसर रूपाली रावत ने भी छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण करने के लिए सुझाव दिए उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हमें हमारे घर में भी वृक्षों को किसी न किसी रूप में लगाना चाहिए आज का युवा अगर पर्यावरण का बचाव करेगा तो वह पूरी सृष्टि को बहुत अच्छे से संरक्षित करेगा। कार्यक्रम में डॉ. पूनम पारीक, डॉ. दिवाकर तिवारी, डॉ. प्रीति यादव, सोनू सिसोदिया, कीर्ति सोनी, प्रशांत आर्य, जावेद अली मिथुन धाकड़ एवं छात्राएं मौजूद रही।

### पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिखाई दी जागरूकता

**हरदा, देशबन्धु।** हरदा , विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर, डॉ. भीमराव अंबेडकर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा के बालिका छात्रावास, रेल्वे इंस्टीट्यूट, अभिषेक ग्रीन वेली कॉलोनी एवं श्रीराम शरणम कॉलोनी हरदा में वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रमों में कुल लगभग 150 विभिन्न प्रजातियों के पौधें रोपित किए गए। जिला न्यायालय परिसर हरदा में आयोजित कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह की अगुआई में विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश निमिष राजा, न्यायिक मजिस्ट्रेट एस.के. भदकारिया, प्रेमदीप शाह, सुश्री काजल पटेल, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स संजय शांडिल्य, अन्य अधिवक्तागण, पैरालीगल वॉलेंटियर्स और न्यायालयीन कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण की सुरक्षा और संवर्धन हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में सहायक है।

### नेशनल रैंक-2 प्राप्त लव कौशिक रहे आकर्षण का केंद्र

# एफडीडीआई के 3सौ से ज्यादा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**गुना, देशबन्धु।** फुटवियर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई), गुना परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के उन 300 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सत्र 2024-25 में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, विशिष्ट अतिथि एसडीएम शिवानी पांडे और तहसीलदार जीएस बैरवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षाता एफडीडीआई गुना की कार्यकारी निदेशक मंजू मन ने की। उन्होंने छात्रों को शिक्षा, तकनीकी दक्षता और पर्यावरण के प्रति जागरूक

### 10 विद्यार्थियों को बेस्ट अचीवर्स अवॉर्ड प्रदान किए



रहने की प्रेरणा दी। इस समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले लव कौशिक को विशेष रूप से मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले शीर्ष 10 विद्यार्थियों को बेस्ट अचीवर्स अवॉर्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। मंच संचालन एफडीडीआई के एएम मनोज कुमार शर्मा ने प्रभावी रूप से किया। कलेक्टर कन्याल व अन्य अतिथियों ने छात्रों से एफडीडीआई जैसे करियर उन्मुख संस्थानों से लाभ उठाने की अपील की। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अतिथियों ने छात्रों को प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने हेतु प्रेरित किया। कार्यकारी निदेशक मंजू मन ने एफडीडीआई द्वारा संचालित बी.डेस (फुटवियर डिज़ाइन व फैशन डिज़ाइन) व एमबीए (रिटेल एंड फैशन मर्चेंडाइजिंग) जैसे उद्योग-आधारित कोर्सेस की जानकारी दी और बताया कि यहां से पढ़े छात्र देश-विदेश में सफल करियर बना रहे हैं। इस सफल आयोजन में जितेन्द्र गुप्ता, राहुल कुमार पांडे सहित एफडीडीआई टीम का समर्पित योगदान रहा। समारोह न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बना, बल्कि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक भी सिद्ध हुआ।

### मंगलवार से थीं लापता, माता-पिता ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

# नानी के घर मिलीं गुना से लापता तीन सगी बहनें

**गुना, देशबन्धु।** शहर की नजूल कॉलोनी से लापता हुईं रामबाबू सहरिया की तीनों नाबालिग बेटियों को पुलिस ने ढूढ़ निकाला है। नाटकीय ढंग से हुए इस मामले के पटाक्षेप में पता चला है कि रामबाबू की बेटियां बिना बताए गुना जिले के आरोन क्षेत्र के श्योपुर में रहने वाली 70 वर्षीय नानी के घर चली गई थीं। बता दें कि नजूल कॉलोनी निवासी रामबाबू और सुमन सहरिया की नाबालिग बच्चियां मंगलवार को आईसक्रीम लेने के लिए घर से निकली थीं। इसके बाद वह लापता हो गईं तो माता-पिता ने शहर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। नाबालिग बच्चियों से संबंधित प्रकरण होने के चलते पुलिस तुरंत सक्रिय हुई। शहर कोतवाली ने पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं, जिसमें बेटियों को हनुमान टेकरी के आसपास देखा गया था। हालांकि, उसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिला। लापता बेटियों के पिता मजदूरी करते हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है, वहीं उनका दावा था कि उन्होंने अपने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों से पूछताछ कर ली है, लेकिन बच्चियों का कोई पता नहीं चल रहा है। जानकारी सामने आई थी कि रामबाबू सहरिया की लापता बेटियों में सबसे छोटी मानसी 8वीं कक्षा में पढ़ती है, जबकि बड़ी बेटियां रोशनी और काजल पढ़ाई नहीं करती हैं। इस मामले के सामने आते ही शहर में भी नागरिक चिंतित हो गए थे। पुलिस की एक टीम लगातार बच्चियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पता चला कि रामबाबू की बेटियां ग्राम श्योपुर की ओर गई थीं। इसके बाद पुलिस ने अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और अंतत- लापता बच्चियों को आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम श्योपुर से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।

### एनसीसी कैडेट्स ने स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया

# विश्व पर्यावरण दिवस पर गुना में 2सौ पौधों का किया रोपण



**गुना, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद् गुना द्वारा पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता का एक सराहनीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिंगवासा तालाब और नगर पालिका गुना की कचरा प्रसंस्करण इकाई पर 200 पौधों का रोपण किया गया और श्रम दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिवपुरी से गुना तक साइकिल चलाकर आए एनसीसी कैडेट्स ने सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट वैभव का विशेष रूप से फूल-मालाओं से स्वागत किया गया, जिन्होंने अपनी साइकिल यात्रा के माध्यम से एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। इस गरिमामय कार्यक्रम में विधायक पन्नालाल शाक्य, गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, भाजपा वरिष्ठ नेता अरविन्द गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी सहित अनेक पार्षदगण, जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारी, मनोज भिरोरिया, एनसीसी कैडेट, समाज सेवी संस्था के सदस्य, स्वसहायता समूह की महिलाएँ और नगर पालिका परिषद् की सहयोगी स्वच्छता टीम सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट के सदस्य उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी और स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश को बढ़ावा देने में सफल रहा।

# जनसमस्याओं को लेकर एआईडीवायओ ने उठाई आवाज, सौंपा ज्ञापन

### युवा संगठन ने गुना शहर में एक बड़े सार्वजनिक खेल के मैदान की आवश्यकता पर जोर दिया

**गुना, देशबन्धु।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन की गुना इकाई ने गुना कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर शहर में व्याप्त विभिन्न जनसमस्याओं की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया है। संगठन ने तत्काल इन समस्याओं के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में प्रमुखता से इस बात का उल्लेख किया गया है कि आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए गुना शहर के खेजरा रोड और बांसखेड़ी रेलवे फाटक स्थित पुलियाओं में पानी भर जाने से यातायात पूरी तरह से बाधित हो जाता है। यह मार्ग गुना शहर को विभिन्न गांवों से जोड़ने वाला एक व्यस्ततम मार्ग है, और जलभराव के कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एआईडीवायओ ने इस समस्या का अविलंब हल निकालने की मांग की है। संगठन ने गुना के प्रमुख पिकनिक स्पॉट गोपीसागर डेम को जाने वाली सड़क की जर्जर हालत पर भी संगठन ने चिंता व्यक्त की है। संगठन ने शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है। इसके अतिरिक्त, उसी क्षेत्र में लगातार चोरी और लूट जैसी आपराधिक वारदातों में वृद्धि को देखते हुए सुरक्षा




की दृष्टि से पुलिस चौकी बनाए जाने की भी मांग की गई है। युवा संगठन ने गुना शहर में एक बड़े सार्वजनिक खेल के मैदान की आवश्यकता पर जोर दिया है। उनका कहना है कि खेल और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहर में कोई उचित खेल मैदान नहीं है, जिससे जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है। इसके साथ ही, स्वच्छ भारत अभियान के बावजूद शहर के व्यस्तम क्षेत्रों, खासकर बाजार में, सुलभ शौचालय या सार्वजनिक मूत्रालय की कमी को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की गई है, जिससे विशेषकर महिलाओं और अन्य लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एआईडीवायओ गुना इकाई ने जिला प्रशासन से इन सभी मांगों पर शीघ्रता से कार्यवाही करने का निवेदन किया है, ताकि शहरवासियों को इन मूलभूत समस्याओं से निजात मिल सके।

### बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र का मामला

# पिता और बड़ा भाई गेहूं बेचने गए छोटे भाई ने लगा ली फांसी



**गुना, देशबन्धु।** जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी सामने आई है कि ग्राम खूजा निवासी अनिल अहिरवार का शव घर के नजदीक ही एक खेत में स्थित पेड़ पर लटका मिला है। बताया जा रहा है कि घटना के समय मृतक अनिल के पिता और बड़ा भाई मंडी में गेंहू बेचने के लिए गए थे। दोनों वापस लौटे तब ग्रामीणों से उन्हें सूचना मिली कि अनिल का शव पेड़ पर लटका है। इस मामले की सूचना बजरंगगढ़ थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने अनिल के शव को पोस्टमार्टम के लिए गुना जिला अस्पताल भेजा है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है। शुरुआती पूछताछ में अनिल के भाई हरवीर ने पुलिस को बताया कि वह बड़े भाई धर्मेन्द्र और पिता के साथ 4 जून की सुबह 11 बजे गुना मंडी में गेहूं बेचने निकले थे। शाम करीब 7 बजे उनकी मां गंगाबाई का फोन आया कि छोटा भाई अनिल पठार की तरफ घूमने गया था, जो अभी तक वापस नहीं लौटा है। हरवीर ने अपने भाई अनिल की तलाश शुरु की और पठार क्षेत्र में पहुंचा तब ग्रामीणों से जानकारी मिली कि अनिल ने नीम के पेड़ पर लटककर फांसी लगा ली। ग्रामीण जब तक पेड़ के नजदीक पहुंचे, अनिल की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि अनिल अहिरवार विवाहित था। उसकी एक बेटी भी है। अनिल ने आत्महत्या क्यों की, इसको लेकर गांव में अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं।

### उन्नत कृषि यंत्रों के लिए पोर्टल के माध्यम से करें ऑनलाइन आवेदन

**हरदा देशबन्धु** , नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोग में आने वाले उन्नत कृषि यंत्र 'हैप्पी सीडर' एवं 'सुपर सीडर' एवं खरीफ मौसम की फसल बुआई के लिये डायरेक्ट राइस सीडर व ब्राड बेड फरो प्लांटर अनुदान पर क्रय करने के लिए ई-कृषि यंत्र पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। उप संचालक कृषि जे. एल. कास्दे ने किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि नरवाई प्रबंधन के लिए उन्नत कृषि यंत्र हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर, डायरेक्ट राइस सीडर, ब्राड बेड फरो प्लांटर अनुदान पर क्रय करके नरवाई प्रबन्धन एवं खरीफ फसलों की बुआई नवीन उन्नत तकनीकों के माध्यम से करें। उन्होने बताया कि उन्नत कृषि यंत्रों के लिये आवेदन, एम.पी. ऑनलाइन या कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से कर सकते है। कृषि यंत्र के लिये आवेदन करते समय किसान भाईयों को आधार कार्ड, खसरा बी-1, बैंक खाता क्रमांक व जाति प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होगी।

### ग्रीन ब्यूटीफुल क्लीन अभियान

# विश्व पर्यावरण दिवसः स्पाइसेज पार्क में लगाए गए पौधे

**गुना, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस पर स्पाइसेज बोर्ड के मावन स्थित स्पाइसेज पार्क परिसर में ग्रीन, ब्यूटीफुल, क्लीन अभियान के अंतर्गत एक विशिष्ट वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम टीम ज़ीरो, भारत विकास परिषद अहिल्या शाखा, एवं टेरेस गार्डन समूह के संयुक्त सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ तीन वर्ष पूर्व आज़ादी का अमृत महोत्सव के दौरान रोपे गए पौधों के जल अर्पण एवं संरक्षण संकल्प के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने हर्षपूर्वक उन पौधों को सींचते हुए हरियाली एवं जैव विविधता की निरंतरता का संकल्प लिया। इस अवसर पर टीम ज़ीरो द्वारा सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधे भेंट किए गए। उद्यानिकी विभाग, गुना के उपसंचालक केपी एस किरार द्वारा पौधारोपण विधि,



सुनियोजित देखभाल, सिंचाई प्रबंधन तथा नियमित निगरानी पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही, कृषि विज्ञान केंद्र, आरोन के वैज्ञानिक डॉ. बी.एल. प्रजापति ने जैविक विधियों द्वारा पौध संरक्षण एवं कीट-रोग नियंत्रण संबंधी व्यवहारिक जानकारी साझा की। स्पाइसेज बोर्ड के मार्केटिंग कंसल्टेंट रविन्द्र सेंगर ने पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए युवाओं एवं बच्चों को प्रकृति से जोड़ने की प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन स्पाइसेज पार्क प्रभारी तथा सहायक निदेशक आशीष जायसवाल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण जितना आवश्यक है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है उनके संरक्षण की निरंतर प्रक्रिया जिसमें नियमित जल, स्वच्छता एवं निगरानी निहित है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहभागी सभी संस्थाओं, सदस्यों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता में टेरेस गार्डन समूह के गोपाल,

### जैव विविधता की निरंतरता का संकल्प

प्रतिभागियों ने हर्षपूर्वक उन पौधों को सींचते हुए हरियाली एवं जैव विविधता की निरंतरता का संकल्प लिया। इस अवसर सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधे भेंट किए गए। उद्यानिकी विभाग, गुना के उपसंचालक द्वारा पौधारोपण विधि, सुनियोजित देखभाल, सिंचाई प्रबंधन तथा नियमित निगरानी पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

किरण रायकवार, ऋषि तथा अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सहभागियों द्वारा फलदार, छायादार एवं शोभायमान पौधों का रोपण किया गया एवं न्यूनतम दो वर्षों तक पौध सुरक्षा, संरक्षण एवं निगरानी हेतु प्रतिबद्धता की सामूहिक शपथ भी ली गई।

## सार-समाचार

### छत से गिरकर शिक्षक की मौत, जांच शुरू

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के चंदला कस्बे के वार्ड 7 में किराए के मकान की छत से गिरने से सीएम राइज स्कूल में पदस्थ शिक्षक की मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चंदला के सीएम राइज स्कूल के शिक्षक हेमंत कुमार माहौर अपने किराए के मकान में छत पर खड़े होकर बड़े बेटे साहिल से फोन पर बात कर रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ जाने से वे छत से नीचे गिर पड़े। डेढ़ से दो घंटे बाद जब परिजनों ने हेमंत से दोबारा संपर्क करने की कोशिश की, तो फोन नहीं लगा। सूचना मिलते ही साथी मौके पर पहुंचे और देखा कि हेमंत अचेत अवस्था में छत के नीचे पड़े थे। तुरंत उन्हें चंदला स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पीएम करके परिजनों को सौंप दिया है।

### तड़पती प्रसूता को अधिवक्ता ने रक्तदान कर दिया नया जीवन

**छतरपुर, देशबन्धु।** कहते है डॉक्टर के साथ साथ रक्तदानी भी फरिश्ते बनकर पीड़ित की मदद करके उसे जीवनदान देते है। रक्तवीर सेवा दल के अमित जैन ने बताया जिला अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला रानू चौरसिया जिन्हें रेयर ब्लड ग्रुप की आवश्यकता थी। परंतु उक्त ब्लड नही मिलने से हालात नाजुक बनी थी। परेशान परिजनों की सूचना पर कई बार रक्तदान कर चुके अधिवक्ता राजवर्धन मिश्रा ने ब्लड बैंक आकर अपने रेयर ब्लड ग्रुप के रक्तदान से पीड़िता की मदद की। रक्तदानी राजवर्धन ने सन्देश में कहा कि मैं बहुत खुशी महसूस करता हूँ, जब किसी पीड़ित की अपने रक्तदान से मदद करता हूँ। मेरा हौसला हर बार बढ़ता जाता है और में पीड़ितों की सेवा करता जाता हूँ। उन्होंने कहा नगर के सभी स्वस्थ नागरिक रक्तदान में आंगे आएं जिससे ज्यादा से ज्यादा पीड़ितों की मदद हो सके।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक में कर्मचारी हितों पर चर्चा

**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों के सातवे वेतनमान के निर्धारण, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, एरियर्स, इंक्रीमेंट, सेवा पुस्तिका एवं सेवा सत्यापन, स्वत्व भुगतान, विभागीय भविष्य निधि पर्ची, पेंशन प्रकरण व अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर पार्थ जयसवाल ने आश्वस्त किया कि मांगों एवं सुझावों को सूचीबद्ध करके विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार, एएसपी विदिता डागर एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित संबंधित जिला अधिकारी एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 2 करोड़ के बजट से नहीं हो सका आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प

**छतरपुर, देशबन्धु।** सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में जिला प्रशासन किस तरह से फिसड्डी है, ये इस बात से जाना जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में महिला वाल विकास विभाग को 150 से अधिक आंगनबाडी केन्द्रों में शौचालय, पेयजल, बिजली कनेक्शन जैसे कार्यों के लिए मंजूर दो करोड़ रुपए किसी काम नहीं आ सके हैं। सूत्रों की मानें तो तीन अलग-अलग किस्तों में लगभग दो करोड़ रुपए आवंटित हुए थे। इस राशि से जिले के करीब 150 से भी अधिक आंगनबाड़ी केन्द्र में शौचालय बनाए गए, न बिजली जली और न ही पेयजल का प्रबंध किया गया। जिम्मेदारों की लापरवाही से आवंटित राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी न हो पाने से चालू वित्तीय वर्ष में शेष आँगनवाड़ी केन्द्रों के लिए राशि आवंटन अटक गया है। बताया गया है कि आंगनबाडी केन्द्रों पर सुविधाएं मुहैया न करा पाने में जिला पंचायत की लापरवाही सामने आई है। दरअसल महिला बाल विकास विभाग ने राशि मिलते ही नोडल एजेंसी जिला पंचायत के खाते में जमा करा दिया था। इसके बाद जिला पंचायत इस राशि का उपयोग करना भूल गई। जब इस बारे में जिला पंचायत से पत्राचार हुआ तो जिला पंचायत ने आनन फानन में यह राशि कुछ पंचायतों को आवंटित करके अपनी कमी को छुपाया।

विश्व पर्यावरण दिवसः जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने किया पौधरोपण

# हम जो पौधे लगा रहे उनकी देखभाल करने के साथ रक्षा भी करें: कलेक्टर



**रायसेन,देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हाउसिंग बोर्ड पार्क में नगर पालिका परिषद द्वारा वुमन फॉर ट्री इन अमृत मित्र अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करना और उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हम सभी मिलकर पौधरोपण करें और वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करें।

इस अवसर पर कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि हम पौधरोपण केवल अपने लिए नहीं करते, आने वाली पीढ़ी के लिए भी करते हैं। यह पौधे बड़े होकर वृक्ष का आकार लेंगे और आने वाली पीढ़ी के लिए सौगात होंगे। हम जो पौधे लगा रहे हैं उनकी देखभाल और रक्षा भी करें जिससे कि पौधे बड़े होकर वृक्ष का आकार ले सकें। उन्होंने नागरिकों से आव्हान करते हुए कहा कि पौधरोपण अभियान से जुड़कर पौधरोपण करें और पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें। उन्होंने नगर पालिका परिषद के प्रयासों की सराहना की तथा नगर वन थीम में भी अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ने के लिए कहा। कार्यक्रम में राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। सीएमओ रायसेन सुरेखा जाटव ने वुमन फॉर ट्री इन अमृत मित्र अभियान के बारे में बताया कि इस अभियान में महिला स्वयं सहायता समूहों की अमृत मित्र के रूप में वृक्षारोपण में सहभागिता सुनिश्चित करना है।

यह अभियान शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने और पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, राकेश शर्मा, रायसेन नगर के विभिन्न वार्डो के पार्षदगणों द्वारा पौधरोपण किया गया। साथ ही स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा नागरिकों द्वारा भी पौधरोपण किया गया।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर के अधिकारियों को निर्देश, कहा-

## मानसून के दौरान हर स्थिति से निपटने रखवें पूरी तैयारी



**रायसेन,देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने जिले में अति वर्षा और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित राहत और बचाव कार्य हेतु की जा रहीं तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग अति वर्षा और बाढ़ से निपटने के लिए पहले से समस्त तैयारीयां पूर्ण कर लें, ताकि मानसून के दौरान किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटा जा सके। साथ ही राहत और बचाव कार्य में उपयोग होने वाले संसाधन क्रियाशील रहें, यह भी सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदी-नालों और जल भराव वाले क्षेत्रों सहित पुल-पुलियों और बसाहट में हुए अतिक्रमण की पहचान कर उसे हटाने तथा नालों आदि की सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य अमले, खाद्यान्न आदि की व्यवस्था के साथ अस्थायी आश्रय स्थलों का चयन कर व्यवस्थाएं की जाएं। इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार पुल-पुलियों का मरम्मत कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे, डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा, डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमान्डेंट उमेश तिवारी सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधारोपण कार्यक्रम, कई प्रजातियों के लगाए पौधे



**सांची, देशबन्धु।** नगर परिषद में भारत सरकार की अमृत मित्र परियोजना के अंतर्गत वूमन फॉर ट्री अभियान का शुभारंभ आज विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर किया गया। यह कार्यक्रम संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार अमृत 2.0 एवं डे-एनयूएलएम योजनाओं को लेकर आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में हरित क्षेत्र का विस्तार, पर्यावरण संतुलन बनाए रखना, नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली प्रदान करना तथा महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर प्रोत्साहित करना है। पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद सांची के अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार, उपाध्यक्ष राजेन्द्र राजपूत तथा अनुविभागीय अधिकारी रायसेन मुकेश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित पुरानिया तालाब के पास बड़ी संख्या में महिला स्व-सहायता समूहों और नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में नीम, आम, अमरूद, आंवला, नींबू आदि औषधीय, फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई तथा नगर को स्वच्छ और हराभरा बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने इस अभियान को सामुदायिक भागीदारी की मिसाल बताते हुए हर नागरिक को एक वृक्ष लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर पार्षद अमित जोशी, राजकुमार वर्मा, ओमप्रकाश कुशवाह, अतिरिक्त तहसीलदार नियति साहू, सीएमओ रामलाल कुशवाह सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं दर्जनों स्व-सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ किया गया की नगर को पर्यावरणीय दृष्टिकोण से आदर्श नगर बनाया जाएगा।

### कलेक्टर ने बनखेड़ी में शांति धाम स्थल का किया निरीक्षण

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा गुरूवार को जिले की गैरतगंज तहसील की ग्राम पंचायत बनखेड़ी के शांति धाम स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने शांति धाम में नवीन शेड का निर्माण कराए जाने के आदेश उपस्थित अधिकारियों को दिए। जनपद पंचायत के एई नरेश ठाकरे ने बताया कि शेड का निर्माण एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायत की पांचवें वित्त आयोग की राशि का उपयोग किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, आमजन से भी संवाद किया गया।

## माता टेकरी पर जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों और सामाजिक संगठनों ने किया पौधारोपण

पौधारोपण अभियान में जिले के नागरिक आगे बढ़कर करें सहभागिता: कलेक्टर



**देवास, देशबन्धु।** जिले में विश्व पर्यावरण दिवस पर माताजी टेकरी देवास में पौधारोपण कर वृहद पौधारोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। माताजी टेकरी पर वृहद पौधारोपण अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकगणों पर द्वारा पौधारोपण किया गया एवं पौधारोपण कर फोटो वायु दूत एप पर अपलोड की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने सभी को पर्यावरण की शपथ भी दिलाई। सभी से आव्हान किया कि स्वच्छता के लिए प्लास्टि का उपयोग नहीं करें। जिले नागरिक एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में सहभागिता कर पौधारोपण करें और पौधे के साथ फोटो को वायुदूत एप पर फोटो अपलोड भी करें। नागरिकगण पौधा लगाने के बाद उसके बडे होने तक पौधे की देखरेख भी करें। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, महापौर गीता अग्रवाल, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत, रायसिंह सैंधव, दुर्गेश अग्रवाल, भैरूलाल अटारिया, राजेश यादव, धर्मेन्द्र सिंह बैस सहित अन्य जनप्रतिनिधि, डीएफओ अमित कुमार सिंह, अपर कलेक्टर बिहारी सिंह, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, तहसीलदार सपना शर्मा, तहसीलदार निधी राजपुत, डीपीसी अजय मिश्रा, उपायुक्त नगर निगम देवबाला पिपलोनिया, उपायुक्त जाकिर जाफरी, सहायक आयुक्त जगदीश वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम जितेन सिसोदिया, जिला अधिकारी, नगर निगम का अमला, सामाजिक संगठन, एनसीसी, स्कूल/कॉलेजों के छात्र/छात्राएं, ईपका कम्पनी के प्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पौधारोपण अभियान के साथ हि जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जल संवर्धन और संरक्षण के लिये आमजन को प्रेरित किया जा रहा है।

# प्रमाण पत्र देकर बच्चों को किया प्रोत्साहित

### पीएमश्री स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में सृजन कार्यक्रम का समापन



**रायसेन,देशबन्धु।** पीएमश्री स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में रायसेन जिला पुलिस तथा स्वयं सेवी संगठन केएसएस के संयुक्त प्रयासों से तीन सप्ताह से संचालित हो रहे सृजन कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नर्मदापुरम ज़ोन के पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ल, विशेष अतिथि उप पुलिस महानिरीक्षक प्रशांत खरे एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में लगभग 100 किशोर-किशोरियों ने सहभागिता की गई, जिनके साथ परिजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने तीन सप्ताह में पुलिस तथा के. एस. एस. के द्वारा दिए गए प्रशिक्षण मार्शल आर्ट्स का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त इनडोर क्लास में लिए गए सत्रों पर आधारित अभिनव किया। बच्चों ने अपने उद्बोधन के दौरान सृजन कार्यक्रम से जोड़े जाने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए आभार व्यक्त किया है। अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाया गया। पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला द्वारा सृजन कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों को मुख्य धारा में जोड़ने तथा समाज के लिए जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए आयोजकों को प्रोत्साहित किया। प्रशांत खरे उप पुलिस महानिरीक्षक ने कम समय में बच्चों के अन्दर हुए सकारात्मक बदलाव की प्रशंसा की। पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डेय ने विस्तार पूर्वक 3 सप्ताह तक चले कार्यक्रम पर प्रकाश डाला तथा बच्चों के अभिभावकों की प्रशंसा की जिन्होंने विशेष कर बालिकाओं के अभिभावकों को धन्यवाद दिया।

विशेष अतिथि अमृत मीणा सहायक पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि सृजन कार्यक्रम मध्य प्रदेश में सामुदायिक पुलिसिंग शाखा पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीपी गुप्ता के निर्देशन तथा उप पुलिस महानिरीक्षक विनीत कपूर के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश के 22 जिलों में इस वक्त सृजन कार्यक्रम संचालित किया जा रहे है। रायसेन में सृजन कार्यक्रम में बच्चों की प्रशंसा करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में संस्था के अनिल रैकवार, हरनाम सिंह चढार, मोनिका ठाकरे, नेहा प्रजापति, शिवनारायण सराठे, राजकुमार साहू, नितिन सेन, निखिल सेन, अमित चक्रवर्ती, जगदीश शर्मा एवं प्रगति रैकवार ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ एचबी सेन द्वारा किया गया तथा संचालन अनिल भवरे द्वारा किया गया।

## आरटीओ ने की यात्री और स्कूल बसों की जांच, 7 के बनाए चालान

**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को आरटीओ मधु सिंह द्वारा छतरपुर शहर के महोबा रोड पर यात्री एवं स्कूल बसों की चेकिंग की गई। उस दौराब बसों के परमिट सहित आवश्यक दस्तावेज चेक किए गए। 28 बसों की जांच करके 7 बसों पर विभिन्न धाराओं में चालानी कार्यवाही कर 9 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा एक स्कूल बस बिना परमिट की चलते पाए जाने पर बस को जब्त कर थाने में सुरक्षार्थ कराया गया। आरटीओ बे बताया कि यात्रियों एवं छात्रों को लेकर आने जाने वाली सभी वाहन व स्कूल बस शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार होनी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त स्कूली वाहनों में वीएलटीडी डिवाइस पैनिक बटन के साथ होनी चाहिए। ताकि आपात स्थिति में आवश्यकता पडने् सहायता तुरंत पहुंचाई जा सके। इसके अलावा फिटनेस, परमिट, अग्निशामक यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र आदि होना अनिवार्य है। इसके अलावा नियम विरुद्ध बसों का संचालन पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

### बीएससी कृषि प्रवेश परीक्षा 8 को

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बीएससी कृषि पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 8 जून को किया गया है। सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों से कहा गया है कि प्रवेश पत्र 3 जून से एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर हैं, समय रहते पोर्टल से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें। विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र में सुबह साढे 9 बजे प्रवेश पत्र की हार्ड कॉपी और एक वैध पहचान पत्र के साथ आना अनिवार्य है। किसी भी तरह की तकनीकी समस्या हो तो अभ्यर्थी संबंधित सहायता केंद्र या विश्वविद्यालय से संपर्क करें।

लगाए पौधों की देखभाल स्वसहायता समूह की महिलाएं करेगी

# विश्व पर्यावरण दिवसः हरियाली का संकल्प लेकर कई जगह लगाए पौधे





**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर हर बार की तरह इस बार भी हरियाली का संकल्प लेकर कई जगह पौधे रोपे गए। कलेक्टर ने खुद कई जगह जाकर पौधे रोपकर लोगों को पौधे लगाने और बडे होने तक उन्हें बचाने की प्रेरणा दी। महर्षि विद्या मंदिर, नगर पालिका छतरपुर द्वारा भी पौधे रोपे गए। हरपालपुर में ब्रह्माकुमारीज द्वारा पौधे रोपकर हरियाली बचाने का संदेश दिया गया। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने छतरपुर में हनुमान टोरिया के पीछे स्थित पं देशराज पटेरिया पार्क और देरी रोड स्थित फरूट फोरेस्ट में पौधारोपण किया।

इस दौरान नपा अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, एसडीएम अखिल राठौर, पीओ डूडा साजिदा कुरैशी, खनिज अधिकारी अमित मिश्रा, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित समूह की महिलाएं, अधिकारी और गणमान्य नागरिकों ने भी पौधे रोपे। देरी रोड स्थित खनिज विभाग द्वारा निर्मित फरूट फोरेस्ट में कलेक्टर ने आम और जामुन पौधे रोपे। कलेक्टर ने कहा फरूट फॉरेस्ट को खनिज विभाग विकसित कर रहा है। यहां लगाए पौधों का रखरखाव स्वसहायता समूह की महिलाएं करेंगीं। महिलाओं के लिए फूड प्रोसेसिंग प्लांट विकसित करेंगे इससे उनकी आजीविका को संबल मिलेगा। बताया गया कि जिले में 300 से अधिक फरूट फॉरेस्ट लगाने का लक्ष्य है, जो मानसून में पूरा किया जाएगा।

### चारों ओर हरियाली से लाएंगे खुशहाली

छतरपुर के महर्षि विद्या मंदिर में राहुल कुशवाहा, मनोज पाठक, राहुल खरे, विजय निगम, जितेंद्र विश्वकर्मा, उषा मिश्रा, अलका रिछारिया, राजनारायण रैकवार, उमेश पटेल, उपेन्द मिश्रा और ठाकुरदास सहित अन्य शिक्षकों ने परिसर में कई पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी ने संकल्प लिया कि वे न केवल पौधे रोपेंगे बल्कि उनकी देखभाल भी करेंगे। प्राचार्य सीके शर्मा ने स्वस्थ पर्यावरण को सुरक्षित भविष्य की नींव बताते हुए कहा कि हम सब मिलकर चारों ओर हरियाली से खुशहाली लाएंगे। साथ ही प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे, बिजली और पानी भी बचाएंगे।

### कचरा प्रसंस्करण केन्द्र में रोपे गए पौधे

छतरपुर नगर पालिका द्वारा सीएमओ माधुरी शर्मा, स्वच्छता विशेषज्ञ डीडी तिवारी, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर आनंद शर्मा, सहायक यंत्री देवेंद्र धाकड़, उपयंत्री अंकित अरजरिया, गोकुल प्रजापति और नीतेश चौरसिया सहित एवं समाजसेवियों ने कचरा प्रसंस्करण केंद्र परिसर में कई छायादार व फलदार पौधे रोपे हैं। सीएमओ ने कहा कि हर व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति जागरुक होकर कम से कम एक-एक पौधा जरुर लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।

### पौधा लगाकर जीवन सुरक्षित बनाएं

**हरपालपुर, देशबन्धु।** ब्रह्माकुमारीज दिव्य धाम में दीप प्रज्वलित करके पौधे रोपने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर विद्युत कंपनी के रिटायर्ड इंजीनियर श्रीराम अग्रवाल, केशव अग्रवाल मुख्य रुप से उपस्थित थे। बीके आशा बहन ने एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए सभी को प्रेरित करते हुए कहा पर्यावरण संतुलन बिगड़ने से मौसम चक्र प्रभावित हो रहा है। ऋतुएं निर्धारित समय से नहीं आ रही हैं। इस स्थिति को संभालना हम सबका काम है। उन्होंने प्रकृति के पांच तत्वों की सुरक्षा पर जोर दिया। सभी ने पौधे लगाकर जीवन को सुरक्षित बनाने का संकल्प भी लिया।

## सार समाचार

### विश्व पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय में किया पौधारोपण



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े ही उल्लास एवं सक्रियता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्या वन में विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। जिसमें आम, अनार, चमेली, रात रानी,भृंगराज आदि सम्मिलित हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी एवं स्पोर्ट्स के विद्यार्थियों तथा स्टाफ ने वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों की साफ सफाई निदाई गुड़ाई कर पौधों में पानी दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने बताया कि पौधों में पानी की व्यवस्था पाइपलाइन के माध्यम से की गई है। इससे पानी की बर्बादी नहीं होती है एवं सभी पौधों को समान रूप से पर्याप्त पानी मिल जाता है। महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने विश्व पर्यावरण दिवस की समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री वर्मा के साथ कांग्रेसियों ने रोपा पौधा



**आष्टा, देशबन्धु।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेस्ट हाउस पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर नीम का ओर गुलमोहर के पौधे लगाए गए। साथ ही सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के चलते पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। और प्रत्येक व्यक्ति एक एक पौधा लगाकर उसकी ठीक से देखभाल करे तो हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव हरपाल ठाकुर, कांग्रेस नेता घनश्याम जांगड़ा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू, अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष तौसीफ उद्दीन, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष फैज उद्दीन, आदिवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष सुनील कटारा,टोनी कोठारी, देवराज परमार, कमल ठाकुर, शंकर बोडाना,मनीष खत्री सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अतिक्रमण हटाओ मुहिम तीसरे दिन देर रात विवादों में घिर गई

# अतिक्रमण को लेकर प्रशासन और भाजपा नेता आमने-सामने

**आष्टा, देशबन्धु।** नगर के इतिहास में पहली बार इस तरह का अतिक्रमण हटाते हुए देखा गया। अतिक्रमण हटाओ मुहिम तीसरे दिन देर रात को विवादों में घिर गई। उस समय हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद कालू भट् एवं एसडीएम श्रीमति स्वाति उपाध्याय मिश्रा के बीच कहा सुनी हो गई। यहां तक कि एसडीएम ने जेल में डालने तक का कह दिया। इस पर कालू भट् ने कहा कि डाल दीजिए। बीच में टीआई गिरीश दुबे ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया।



अतिक्रमण हटाओ मुहिम चल रही थी इसी बीच जेसीबी ने भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया की दुकान का भी ओटला तोड़ दिया। यहीं पर विवाद की स्थति बनी। प्रशासन ने इस बार बिना भेद भाव के अभी तक जो अतिक्रमण हटाया गया है उसमें अलीपुर, पुराना बस स्टैण्ड, अस्पताल चौराहा, नए बस स्टैण्ड, भोपाल नाका, कन्नौद रोड, सिविल अस्पताल के पीछे, खत्री मार्किट, चौरसिया टीवी के पास आदि स्थानों के पास अतिक्रमण हटाया जा चुका है। जिसमें प्रशासन ने गुमठियां जब्त की। दुकान के सामने रोड पर रखी हुई सामग्री, नालियों पर रखी हुई लोहे की सीडियां आदि को तोड़ कर जब्त किया गया है।

चौथे दिन अतिक्रमण हटाओ मुहिम अस्पताल से शुरू हुई जिसमें कुछ लोगों ने लगाए गए ठेले को हटाया गया। साथ में रोड के सामने नगर पालिका द्वारा पहले चिन्हित की गई जगह पर गुमठियां रख ली थी।

वहां सीएमओ राजेश सक्सेना अपनी टीम के साथ पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की शुरूआत से पहले फल फ्रूट, सब्जी, चाय ठेले वालों से बात की एक दिन का समय मांगा और कहा स्वेच्छा से हटा लेंगे

पहले एसडीएम श्रीमती स्वाति उपाध्याय मिश्रा के निर्देश पर 2-3 दिन व्यवस्था सुधरी थी। उसके बाद फिर सड़क पर दुकानें लग रही थी। जिससे आम लोग परेशान है। साथ में अभी पुरानी सब्जी मंडी, कसाईपुरा चौराहा, मंडी गेट आदि जगहों का अतिक्रमण हटाना शेष है। सड़क पर से जो गुमठिया लोगों ने हटाई थी उन्होंने मारूपुरा स्थति विवादित नगर पालिका की भूमि पर रख ली।

### इनका कहना है

– अतिक्रमण हटाने का हम स्वागत करते हैं, लेकिन अनावश्यक दुकानों के बोर्ड न तोड़े एसडीएम मेरी बात सुनने को तैयार नहीं हैं। मुझे जेल में डालने की धमकी दी

**कालू भट्**
**पूर्व पार्षद हिन्दू समाज के अध्यक्ष**

मेरी दुकान का ओटला तोड़ा नहीं मेने खुद तुड़वाया है। इस तरह का अतिक्रमण नहीं हटाना चाहिए लोग बेराजगार हो रहे हैं। आने वाला समय बारिश का है और परेशानी होगी

**विशाल चौरसिया**
**पार्षद एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि**

अतिक्रमण हटाओ मुहिम जारी रहेगा अस्पताल के सामने जो ओटले बने हैं टोकन के साथ दुकानदारों को 8ग10 की जगह दी जाएगी।

**राजेश सक्सेना**
**सीएमओ**

# आमजन परेशान : 6 महीने में पूरी नहीं हो पाई सड़क





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के क्रमांक 25 में पांच करोड़ की लागत से झिरकी बगिया से बैकुंठी तक डिवाइडर युक्त सड़क का निर्माण दिसंबर 2024 के पहले शुरू हो गया था। लेकिन फरवरी से डुमरऊ तिराहा से झिरकी बगिया द्वार तक निर्माण कार्य बंद पड़ा है। जबकि वृंदावन तालाब बंधान की सड़क कई स्थानों से टूट गई है। जहां से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर की एक सड़क से दूसरी सड़क को जोड़ने का कार्य रफ्तार से चल रहा था, लेकिन अब फिर से निर्माण की रफ्तार धीमी हो गई है। पांच करोड की लागत से निर्माण की जाने वाली झिरकी बगिया से बैकुंठी तक सड़क का निर्माण कार्य रूक गया है, यहां पर अभी डिवाइडर निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है।

जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यातायात को सुगम बनाने के लिए सड़क सहित डिवाइडर निर्माण किया जा रहा है। शहर की ओर जाने वाले भारी वाहन और यात्री बसों का आवागमन कम हो जाएगा। जहां लोगों को जाम की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**वृन्दावन तालाब पर शुरू नहीं हुआ कार्य**

झिरकी बगिया से डुमरऊ तिराहा तक सड़क किनारे पटरी बनाने के लिए ठेकेदार ने गिट्टी और मुरम को बिछाया है। इससे आसपास के घरों में धूल जा रही है। वहीं रहवासियों को यहां से निकलने में परेशान होना पड़ रहा है। हालांकि वार्ड पार्षद ने कलेक्टर और सीएमओ को पत्र भी दिया है।

### इनका कहना है,

निर्माण कार्य के लिए डामर का ऑडर ठेकेदार द्वारा किया गया है। साथ ही भुगतान में देरी हो रही है, इस कारण से कार्य रूका हुआ है, जल्द ही झिरकी बगिया तक सड़क के निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा।

**दीपक विश्वकर्मा, इंजीनियर,**
**नगरपालिका टीकमगढ़।**

### कलेक्टर के निर्देश पर हुई समीक्षा बैठक

# लापरवाही बरतने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के विरूद्ध की जाएगी कार्रवाई



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग उदल सिंह ठाकुर द्वारा परियोजना बल्देवगढ़ में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की विभागीय योजनाओं के संचालन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बल्देवगढ़ शहरी, बल्देवगढ़ ग्रामीण, देरी एवं सुजानपुरा की आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सीएम डेसवोर्ड, बजन, टीएचआर, खाना नाश्ता के वारे मे विस्तार से समझाते हुए महिला एवं वाल विकास विभाग की विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई।

इसके साथ ही फूड सिक्योरिटी अधिनियम अंतर्गत एक वर्ष में 300 दिवस पूरक पोषण आहार वितरण करने, घरेलू हिंसा अधिनियम अंतर्गत पीडित महिलाओं की सहायता करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत पोषण भी पढाई भी, किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत अनाथ बच्चों का पंजीयन करने आदि अधिनियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन केन्द्र खोलने एवं ग्राीष्म कालीन अवकाश अवधि मे रेडी टू ईट फूड का नियमित वितरण करने के निर्देश दिये गये एवं लापरवाही वरतने वाली आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही करने की बात कही। एवं अच्छा कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं एवं सेक्टर पर्यवेक्षक की सराहना की गई।

इसी तारतम्य में जिला विधिक अधिकारी न्यायालय टीकमगढ से न्यायधीश श्रीमति सुनीता गोयल के द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को विधिक सहायता के वारे मे बताते हुए कानूनी जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही अनाथ वच्चों का चिन्हाकन कर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, आधार बनवाने एवं अनुसूचित जनजातीय वाहुल्य इलाकों मे योजनाओं से बंचित बच्चों एवं महिलाओं को लाभ दिलाये जाने पर खास जोर दिया गया एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की सफलता पर महिला एवं वाल विकास विभाग का आभार व्यक्त किया गया। परियोजना अधिकारी महेश दोहरे द्वारा अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन कराने एवं लापरवाही वरतने वाली कार्यकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही करने के की वात कही गई। इस अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक अनुरंजना वर्मा एवं प्रतिभा कुशवाहा मौजूद रहीं।

# संवेदनशील प्रकरण में राजनीति करना कहीं से भी उचित नहीं : राय



**सीहोर, देशबन्धु।** मगरदी में हुई घटना को विधायक सुदेश राय ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। पीड़िता की अंतेष्टी के उपरांत विधायक सुदेश राय ने मगरदी पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को इस दुख की घड़ी में सांतवना दी। उन्होंने कहां की शासन स्तर पर हर मदद पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के दुख में हम उनके साथ खड़े है, महिला सुरक्षा डीएसपी स्तर की अधिकारी घटना की जांच कर रही है,दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जा रही है। यह विडंबना है कि कांग्रेस दुखी परिवार को सांतवना देने के स्थान पर पीड़िता की मृत्यु पर औछी राजनीति कर रही है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बालिकाओं महिलाओं के लिए अनेक हितकारी योजनाएं चलाई जा रही है और बेटियों के साथ अन्याय अत्याचार करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जा रही है।

उन्होने कहा कि घटित हुए अमानवीय अपराध की हम कड़ी निंदा करते है। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई के हम पक्ष में है और न्याय की प्रक्रिया में कोई ढील नहीं बरती जाएगी। उन्होने कहा कि कांग्रेस के नेता मृतक पीड़िता का नाम ले लेकर पीड़ित दुखी परिवार को आघात पहुंचा रहे है। इस संवेदनशील प्रकरण में राजनीति करना कहीं से भी उचित नहीं है। हम शासन स्तर पर हर संभव मदद पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराएंगे।

# पौधारोपण कर उसकी नवजात की तरह देखभाल करें : मेवाड़ा

**आष्टा, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस हमें अपनी पृथ्वी, अपने पर्यावरण के प्रति हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। यह केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह एक प्रतिज्ञा है। कि हम अपने आसपास के वातावरण को स्वस्थ और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करे। आज जब हम पर्यावरण दिवस मना रहे हैं, तो हमें यह सोचना होगा कि हम प्रकृति से क्या ले रहे हैं। और उसे बदले में क्या दे रहे हैं।



हमारा पर्यावरण, जिसमें हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे और जीव-जंतु शामिल हैं, यह सभी हमारे जीवन का आधार है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अटल कॉलोनी स्थित पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस एवं वोमेन फॉर ट्री अभियान के अवसर पर पौधारोपण करते हुए व्यक्त किए। पौधारोपण कार्य में स्वसहायता समूह की महिलाएं नपा द्वारा वितरित की गई किट में नजर आई और उन्होंने बढ-चढ़कर पौधों का रोपण किया। उपस्थित सभी स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ ही उपस्थितजनों को शपथ दिलाते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि पौधारोपण कार्य हमारे लिए एवं आने वाली भावी पीढ़ी के लिए बेहद आवश्यक है। आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हम एक साथ संकल्प ले कि हम सभी अपने घरों एवं आसपास एक पौधे का रोपण अवश्य करें और उसकी देखभाल नवजात शिशु की भांति जब तक करें तब तक वह वृक्ष का आकार न ले।


मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रकृति को संवारने का शासन द्वारा जो पहल की गई है वह अपने आपमें अनुकरणीय पहल है। भारत समेत पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में हैं। प्रकृति जीवन जीने के लिए किसी भी जीव को हर जरूरी चीज उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो हमारा जीवन भी प्रभावित होगा। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से पर्यावरण का संरक्षण करना बहुत जरूरी हो गया है।

पौधारोपण अभियान में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षदगण हिफज्जुर्रहमान भैया मियां, रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, सहायक यंत्री आकाश गोयतर, लेखापाल मनीष श्रीवास्तव, उपयंत्री अनिल धुर्वे, मोहम्मद इसरार, पार्वती शर्मा, शिवराज अहिरवार सहित नपा के अन्य कर्मचारीगण मौजूद थे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण एवं संरक्षण जरूरी : पवन

**पलेरा, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस गुरुवार को पौधरोपण और पेड़-पौधों के संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया गया। नगर में विश्रामगृह पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा एवं अन्य भाजपा जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने कहा कि कहा कि पर्यावरण का संतुलन ही जीवन चक्र को नियंत्रित करता है, इसमें अवरोध आते ही जीवन संकट में पड़ जाता है । प्रकृति को संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षों का होना बहुत जरूरी है।उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर में लोगों को ऑक्सीजन की बहुत आवश्यकता रही। इसी क्षण से हमें वृक्षों की उपयोगिता को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष शुद्ध हवा और जल के प्रमुख स्रोत हैं। वृक्ष पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिक पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कल्पना राजपूत, अशर्फी खान, तेज खान, लखन खटीक, सरपंच प्रतिनिधिअंकित गुप्ता, सत्येंद्र यादव उपस्थित रहे।

### नवांकुर संस्था द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए पौधे



**आष्टा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था बडघाटी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत ग्राम खामखेड़ा जत्रा एवं रोलगांव में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को पौधरोपण करना चाहिए एवं पौधे को संरक्षित कर ज्यादा से ज्याद पौधारोपण करे कार्यक्रम में खामखेड़ा जत्रा के शिक्षक विनोद धनवा,गंगाराम चौहान,आनन्द जायसवाल,नंदन पाटीदार ,हरिकुकमार मालवीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष बहादुर सिंह ठाकुर मेंटर्स मुकेश राठौर ,रोलागांव से प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष संतोष धनगर ग्राम पंचायत के सरपंच,सचिव शासकीय हाईस्कूल के शिक्षक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

### महिला कांग्रेस ने मगरदी खुर्द की घटना को लेकर राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन


# पीड़ित परिवार को सरकार दे 50 लाख की सहायता : सज्जन वर्मा

**सीहोर, देशबन्धु।** सीहोर ज़िले की एक बेटी के साथ हुई वीभत्स घटना ने मन को झकझोर कर रख दिया है। मामला अहमदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मगरदी खुर्द निवासी एक बालिका का है जो अपनी छोटी बहन के साथ सोमवार को रात 11 बजे घर से थोड़ी दूरी पर पानी भरने गई थी। बालिका के पिता का कहना है कि रात में उसकी छोटी बेटी लौटकर आई और बताया कि गांव के दो युवकों ने उसकी बड़ी बहन को रोक लिया और उसे कहीं ले गए। बालिका के पिता की मानें तो वह आसपास तलाश कर रहे थे तभी वह नाबालिग लौट आई। उसकी तबीयत काफी खराब हो रही थी। पिता का कहना है वह मामले की शिकायत करने रात एक बजे अहमदपुर थाने पहुंचे तो वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने उन्हें डांटकर भगा दिया। फिर वह अपनी बेटी को लेकर भोपाल गए और अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बालिका का शव लेकर भोपाल से आए परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस पर संगीन आरोप लगाते हुए थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया।



आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने व आरोपियों को सख्त सजा देने की मांग कर रहे थे। परन्तु पुलिस द्वारा भी पीड़ित परिवारजनों व ग्रामीणों पर बल प्रयोग करते हुए जमकर लाठी चलाई, अभी तक पीड़ित परिवार न्याय के लिये दर-दर की ठोकरे खाने को विवश है। इसी को लेकर गुरुवार को प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल के नेतृत्व एंव महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती गुलाब बाई ठाकुर के आव्हान पर पूर्व मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा,जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र पटेल, हरपाल ठाकुर कि उपस्थिती में कलेक्ट्रेट पहुच कर महामहीम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। श्रीमती विभा पटेल ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश की भाजपा शासित सरकार में नाबालिक बालिकाओं एवं महिलाओ पर अपराध बढ़ते जा रहे हैं। सरकार का अपराधों पर अंकुश समाप्त हो चुका हैं। हाल ही में विगत 3.जून को सीहोर जिले के अहमदपुर थाना क्षेत्र में ऐसी ही अशौभनीय घटना एक नाबालिक बालिका के साथ हुई, उक्त घटना में 17 साल की नाबालिक के साथ बलात्कर कर उसके द्वारा घर वालो को घटना बताने की बात को लेकर उसे सल्फास खिला दिया, जिसमें उसकी मृत्यु हो गई। जब नाबालिक के परिजन घटना की रिपोर्ट लिखाने थाने में गए तो उसके परिजनो को बिना रिपोर्ट लिखाएँ थाने से रवाना कर दिया।

प्रदेश में महिलाओ पर अत्याचार, उत्पीडन के मामले में दिन ब दिन बढ़ते जा रहे हैं। म.प्र. महिलाओ पर अत्याचार के मामले में अव्वल प्रदेश में श्रेणी में हैं। प्रदेश में महिलाएँ असुरक्षित महसूस कर रही हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार का प्रशासन पर कोई नियंत्रण नहीं हैं। अपराधी बेखौफ होकर महिलाओ पर अत्याचार कर रहे हैं। महिला उत्पीडन के 1000 से अधिक मामले प्रदेश में प्रतिमाह पंजीबद्ध होते हैं। हम आपका ध्यान इस ज्ञापन के माध्यम से महिलाओ पर हो रहे अत्याचार के संबंध में दिलाते हुए आपसे अपेक्षा करते हैं कि महिला अत्याचार में प्रदेश की सोई हुई सरकार को जगाने की दिशा में प्रयास करेगें। उक्त घटना की प्रदेश महिला कांग्रेस घोर निंदा करती हैं। प्रदेश में नाबालिक बालिकाओं एवं महिलाओ पर हो रहे अत्याचार पर आपका ध्यान आक्रषित कर शासन के विरूद्ध संवैधानिक कदम उठाने की मांग की गई है। इस मौके पर सज्जन सिंह वर्मा ने उपस्थित पत्रकारगणों से चर्चा करते हुए बताया कि अहमदपुर में नाबालिग लाड़ली से दो युवकों ने बंधक बनाकर रेप किया, फिर जबरन सल्फास की गोली खिलाकर हत्या भी कर दी। क्या सीएम जिनके पास स्वयं गृह मंत्री का दायित्व है वह आरोपियों को फांसी दिलायेगें या पीड़ित यूही दर-दर की ठोकर खाते रहेगें। साथ ही श्री वर्मा ने पीड़ित परिजनों के साथ अभद्रता करने वाले पुलिस कर्मीयों को बर्खास्त करने एवं पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपये की सहायता राशि तत्काल मोहिया कराने की भी सरकार से मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, ओम वर्मा, नईम नवाब, गीता देवी राठौर, रूकमणी रोहिला, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, सीताराम भारती, ओम बाबा राठौर, हरीश राठौर, पवन राठौर, हफीज चौधरी, शमीम अहमद, डॉ.अनीस खान, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।






## लगभग ₹44,000 करोड़
की रेल परियोजनाओं का उपहार

### चिनाब ब्रिज
**(दुनिया का सबसे ऊँचा रेल आर्च ब्रिज)**

- 359 मीटर ऊँचा, 1,315 मीटर लम्बा एवं 467 मीटर का आर्च स्पैन
- जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कौरी एवं बक्कल एरिया को जोड़ने वाला ब्रिज

### अंजी ब्रिज
**(भारत का पहला केबल स्टेड रेल ब्रिज)**

- 725 मीटर लंबा, 290 मीटर का मुख्य स्पैन
- जम्मू और कश्मीर के कटड़ा एवं रियासी जिलों को जोड़ने वाला ब्रिज
- 193 मीटर ऊँचे एकमात्र विशाल पायलन से जुड़ी 96 केबल्स

**का उद्घाटन**

### उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला
**रेल लिंक परियोजना**

- जम्मू और कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाली हर मौसम के अनुकूल उन्नत रेल कनेक्टिविटी
- कुल लम्बाई 272 किमी जिसमें टी-50 सुरंग (भारत की सबसे लंबी संचालित सुरंग) सहित 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं

**का राष्ट्र को समर्पण**

### 2 वंदे भारत ट्रेनों
**श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - श्रीनगर एवं श्रीनगर - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा**

- श्रीनगर के लिए पहली सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन
- पर्यटन और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा
- कटरा से श्रीनगर तक की यात्रा लगभग 3 घंटों में संभव

**का शुभारंभ**

## नरेन्द्र मोदी
**प्रधानमंत्री**
के द्वारा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**नितिन जयराम गडकरी**
केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**डॉ. जितेंद्र सिंह**
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री

**वी. सोमन्ना**
केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री

**रवनीत सिंह**
केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री

**मनोज सिन्हा**
उपराज्यपाल, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर एवं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष

**उमर अब्दुल्ला**
मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

**सुरिंदर कुमार चौधरी**
उपमुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

**जुगल किशोर**
सांसद (लोकसभा) जम्मू

**आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी**
सांसद (लोकसभा) श्रीनगर

**गुलाम अली**
सांसद (राज्यसभा)

शुक्रवार, 6 जून, 2025 | प्रातः 11:00 बजे | श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कटरा (स्टेडियम)

**भारतीय रेल**

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

www.indianrailways.gov.in

/RailMinIndia पर हमें फॉलो करें